# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –325 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



- पुरानी पेंशन योजना...
- भारत-कनाडा बिगाड़... 04
- ब्रिटेन में नर्सों ने सिख मरीज की दाढ़ी को...
- तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया... 09
- देश में गेहूं पैदावार का मिला नया लक्ष्य, अब...
- आरबीआई एमपीसी की बैठक चार अक्टूबर... 11
- भारतीय महिला हॉकी टीम...
- टीम इंडिया देश के लिए... 10


## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महात्मा गांधी को किया नमन, श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर उन्हें नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सश्क्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया। उन्होंने कहा कि मैं सभी नागरिकों की तरफ से गांधी जी को उनकी 154वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

### वामपंथी उग्रवाद पर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को वामपंथी उग्रवाद या नक्सल मामले में बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 60 से अधिक जगहों पर तलाशी ली। बताया जा रहा है कि दोनों राज्यों में संदिग्धों के परिसरों और ठिकानों पर छापेमारी अभी भी जारी है। खुफिया जानकारी मिलने के बाद एनआईए की अलग-अलग टीमों ने सुबह से ही राज्य पुलिस बलों के साथ छापेमारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जिन नेताओं के घर पर तलाशी ली जा रही है, उनमें वो शामिल हैं, जिन पर संदेह है कि उनका नक्सलों से संबंध है। तेलंगाना के हैदराबाद और आंध्र प्रदेश के गुंटूर, नेल्लोर और तिरुपति जिलों में छापे मारे जाने की खबर है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** बिहार में जातीगत जनगणना के आंकड़े जारी हो गए हैं।

**चुहिया- हां प्रिये-** आंकड़े तो जारी हो गए हैं परन्तु इन आंकड़ों का राजनीतिक दुरूपयोग न हो।

# बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी

## जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बना बिहार, प्रदेश में 13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है आबादी

- गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं
- सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की संख्या
- मुख्यमंत्री नीतीश ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक



**पटना, देशबन्धु।** बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 फीसदी हैं। सबसे ज्यादा 14.26 फीसदी यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 फीसदी, राजपूत (ठाकुर) 3.45 फीसदी हैं। सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी।

**प्रभारी मुख्य सचिव ने जारी की किताब**-बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी। बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 फीसदी दिया जा रहा है। 27 फीसदी ओबीसी के लिए 12 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 फीसदी के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 फीसदी ईबीसी को और 12 फीसदी ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 फीसदी हो गई है।

**राज्य से बाहर रह रहे 53 लाख से ज्यादा**-अपर मुख्य सचिव विवेक सिंह ने कहा बिहार राज्य में हुई गणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या में बिहार के बाहर में रहने वालों की संख्या 53 लाख 72 हजार 22 है। बिहार राज्य में रहने वालों की कुल जनसंख्या 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार 288 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या 6 करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 पाई गई है। गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

### जातीय गणना के आंकड़े

| वर्ग | आंकड़े (प्रतिशत में) |
|---|---|
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग, | 36 फीसदी |
| पिछड़ा वर्ग | 27 फीसदी |
| अनुसूचित जाति | 19.65 फीसदी |
| अनुसूचित जनजाति | 1.68 फीसदी |
| सामान्य वर्ग | 15.52 फीसदी |

### धर्म के आधार पर आबादी

| धम | आबादी |
|---|---|
| हिंदू | 81.99 |
| मुस्लिम | 17.7 |
| ईसाई | 0.057 |
| सिख | 0.011 |
| बौद्ध | 0.085 |
| जैन | 0.009 |
| अन्य | 0.127 |

बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रूरी है। जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है।
– राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने और हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे।
– लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।
–नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार

## महाराष्ट्र के बुलढाणा में ट्रक ने 10 मजदूरों को कुचला

**सड़क किनारे सो रहे थे मजदूर, 5 की मौत**

**बुलढाणा,(एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## बसपा, गोंगपा मिलकर लड़ेंगे मप्र विधानसभा चुनाव

**भोपाल।** राज्य में लगातार जनाधार खो रहे दो राजनीतिक संगठनों – बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बड़े पैमाने पर गोंड जनजाति-प्रमुख जीजीपी, जो आदिवासी-बहुल महाकोशल क्षेत्र में धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो रही है, और मायावती के नेतृत्व वाली बसपा, जिसकी उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सीमा से लगे क्षेत्रों में ताकत कम हो रही है, ने अपनी खोई हुई जमीन पाने के लिए हाथ मिलाया है। दोनों पार्टियों के बीच बनी सहमति के अनुसार, गठबंधन सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगा – बसपा 178 सीटों पर और जीजीपी 52 सीटों पर।

## चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान

# कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

**स्टॉकहोम, (एजेंसियां)।** हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है।




**नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने की घोषणा**-इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## जात-पात पर बांटते हैं विकास विरोधी : मोदी

# मध्यप्रदेश को देश के प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लायेंगे



**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वच्छता में मध्यप्रदेश नंबर एक है। मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में भी टॉप पर लाने की गारंटी से अवगत कराते हुए यह बताना जरूरी है कि मध्यप्रदेश इस समय देश के 10 टॉप राज्यों में शामिल है। इसे प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लाएंगे। एक समय था जब मध्यप्रदेश विशेषकर ग्वालियर-चंबल अंचल क्राइम और करप्शन का शिकार था। लेकिन अब यहां जीवन सुगम हो रहा है। समृद्धि का मार्ग आसान हुआ है। सामाजिक क्षेत्र में भी अन्याय और अत्याचार के स्थान पर विकास की ललक देखने को मिल रही है। सरकार ने सामाजिक न्याय के साथ लोगों की समस्याओं को हल करने और उनकी सुनवाई के माध्यम मजबूत बनाए हैं। आज के युवाओं ने दुरावस्था का वह समय नहीं देखा, प्रगतिशील मध्यप्रदेश ही देखा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ग्वालियर के मेला ग्राउण्ड में जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मध्यप्रदेश को 19 हजार करोड़ लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग पहले भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं।

मोदी का यह बयान बिहार में जातिगत गणना के आंकड़े जारी होने के कुछ देर बाद आया। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार 2 अक्टूबर को दो राज्यों में गए। पहले वे ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के हृदय सम्राट हैं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के हृदय सम्राट हैं और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। श्रीमान मोदी जी का मध्यप्रदेश की धरती पर अभिनंदन हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। आज मोदी जी गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। इसके साथ ही शास्त्री जयंती भी है और शास्त्री जी ने देश में अन्न की कमी के दौर में सप्ताह में एक दिन व्रत का आव्हान नागरिकों से किया था। आज देश के अन्न भंडार भरे हैं। मध्यप्रदेश 22 लाख टन गेहूँ के निर्यात करने वाला प्रदेश है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में एक सम्पन्न शक्तिशाली, वैभवशाली और गौरवशाली भारत का निर्माण हो रहा है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। कोविड के समय भारत में 200 करोड़ डोज वैक्सीन लगाकर चमत्कार किया। जल जीवन मिशन सहित कई योजनाएं लोगों के लिए लागू हैं।

# मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

## आरोपियों की गिरफ्तारी का विरोध शुरू, छह अक्टूबर तक इंटरनेट पर प्रतिबंध

**इंफाल, (एजेंसियां)।** मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे।

उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने दैनिक भास्कर से कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी। मणिपुर में 23 सितंबर को इंटरनेट बहाली के बाद मैदानी इलाकों से 27 और पहाड़ से 14 युवाओं के गायब होने की जानकारी सामने आई थी। इनका अब तक पता नहीं चला है।



**कुकी समुदाय ने एनआईए पर लगाया गंभीर आरोप**-कुकी संगठन ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पर कुकी समाज के 2 नाबालिगों सहित 7 लोगों के अपहरण का आरोप लगाया है। इसके विरोध में चुराचांदपुर जिले में रविवार रात 10 बजे से अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की गई है। कुकी लोगों ने चेतावनी दी कि सभी 7 लोगों को 48 घंटे में रिहा करें, नहीं तो वे आंदोलन करेंगे। संगठन ने सभी पहाड़ी जिलों के लोगों से अपील की कि मैतेई इलाकों से लगी सीमा से सील करें। बंद के दौरान सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

# 3 लाख के इनामी आतंकी समेत 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब, केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## आयोजन

### अमेरिका के न्यू जर्सी में जोरदार अंदाज में स्वामीनारायण अक्षरधाम का उद्घाटन

# नीलकंठ वर्णी की अभिषेक मूर्ति स्थापित

**न्यू जर्सी।** महंत स्वामी महाराज ने भव्य कार्यक्रम के साथ अमेरिका के न्यू जर्सी के रॉबिंसविले में बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम के उद्घाटन समारोह की सीरीज का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में भगवान स्वामीनारायण के बचपन के नाम श्री नीलकंठ वर्णी की अभिषेक मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया गया, जो उनकी शुरुआती दिनों की यात्रा की याद दिलाती है। 'सेलिब्रेटिंग सनातन धर्म' में 400 हिंदू संगठन शामिल हुए। उनकी इस यात्रा ने दुनिया भर में लोगों को सामान्य और असाधारण दोनों ही परिस्थितियों में बिना शर्त आपसी प्यार, सहानुभूति और सादगी जैसी सार्वभौमिक अवधारणाओं को अपनाने को लेकर प्रेरित किया है। महंत स्वामी महाराज के आने पर वरिष्ठ स्वामियों ने वैदिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना कीं जिन्हें प्रसाद प्रवेश समारोह कहा जाता है।



**555 धार्मिक स्थानों से जल एकत्र**-सामान्य तौर पर प्रसाद प्रवेश समारोह का आयोजन पहली बार किसी नए परिसर या भवन में प्रवेश करने पर किया जाता है। इस पावन अवसर के लिए दुनिया भर के कई देशों के साथ-साथ भारत के कई हिस्सों के 555 धार्मिक स्थानों से पवित्र मिट्टी और जल एकत्र किया गया। अक्षरधाम में इन चीजों को शामिल किए जाने के पीछे मकसद यह है कि यहां आने वालों को भारत के पवित्र स्थलों की पवित्रता और निर्मलता का एहसास होगा।

महंत स्वामी महाराज ने हिंदू धर्म के प्रति आस्था के कई देवताओं का सम्मान करने के लिए 13 आंतरिक कक्ष की यात्रा की, जिन्हें गर्भ गृह कहा जाता है। अक्षरधाम के भूतल पर नीलकंठ वर्णी की पवित्र प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महंत स्वामी महाराज की ओर से नीलकंठ वर्णी अभिषेक मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह महज एक कार्यक्रम नहीं था बल्कि आध्यात्मिक यात्रा से जुड़ा यह एक सुखद एहसास था। फिर शाम को, प्रेरणादायी कार्यक्रम, सेलिब्रेटिंग सनातन धर्म का भी आयोजन किया गया, जो इसी समारोह का हिस्सा था।

**देश-विदेश से जुड़ीं कई दिग्गज हस्तियां**-उत्तरी अमेरिका में सनातन धर्म की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए हिंदू मंदिरों के सैकड़ों सदस्यों और ट्रस्टी के साथ-साथ नेता तथा आयोजक एक साथ शामिल हुए। बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम के 10 दिवसीय भव्य समर्पण समारोह का समापन 8 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम में हिंदू समुदाय के कई प्रतिष्ठित ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश नाकाम

**उदयपुर।** जयपुर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के आज हादसे का शिकार होते- होते बची है। जब ट्रेन भीलवाड़ा के पास पहुंची तो वहां पर पहले से ही किसी ने ट्रैक पर पत्थर और लोहे की कड़ी छड़े डाल रखी थी। जिसको समय रहते देख लिया गया और सूझबूझ से हादसा टल गया। भीलवाड़ा- उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस आज दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गई। दरअसल किसी ने इस ट्रेन के मार्ग पर भीलवाड़ा के पास रेलवे ट्रैक पर पत्थर मिले हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। ट्रेन के आगे रेलवे ट्रैक पर कुछ - कुछ दूरी पर पत्थर रखे हुए थे। ट्रेन से उतरकर कर्मचारी ने उन पत्थरों को हटाया। पत्थरों के साथ ही इसमें लोहे की कड़ी भी मिली। अगर इस पर ट्रेन चढ़ जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

## अरुणाचल में दो उल्फा-आई कैडर गिरफ्तार

**ईटानगर।** सुरक्षा बलों ने सोमवार (2 अक्टूबर) को अरुणाचल प्रदेश में उल्फा-आई के दो कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने तिरप जिले में एक अभियान के दौरान उल्फा कैडरों को गिरफ्तार किया। राज्य के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इनपुट के आधार पर असम राइफल्स की खोंसा बटालियन और अरुणाचल प्रदेश पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रविवार को विद्रोहियों को गिरफ्तार कर लिया। ये विद्रोहियों म्यांमार से अरुणाचल प्रदेश में एंट्री कर चुके थे और असम में घुसने की कोशिश कर रहे थे।




दोनों के पास से हथियार बरामद

अरुणाचल पुलिस के अधिकारी ने कहा कि दोनों कैडरों की पहचान नीलुतपल असोम उर्फ ??मोनजीत गोगोई और उपेन असोम उर्फ ??रुहिनी गोगोई के रूप में की गई है। दोनों असम के रहने वाले हैं और पिछले साल संगठन में भर्ती हुए थे। अधिकारी ने कहा, दोनों के पास से एक .32 और एक 9 मिमी पिस्तौल बरामद की गई।

**आतंकवादी भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे- पुलिस**-पुलिस अधिकारी ने कहा कि म्यांमार से संबंधित आतंकवादी खतरनाक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, इस साल अकेले अरुणाचल प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में उल्फा (आई) कैडरों की कई गिरफ्तारियां और आत्मसमर्पण हुए हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से प्रतिबंधित संगठन उल्फा-आई की गतिविधियों को झटका लगा है। बता दें कि उल्फा-आई पूर्वोत्तर और असम में सक्रिय एक उग्रवादी संगठन हैं। यह संगठन हिंसा संघर्ष के द्वारा असम को एक स्वतंत्र राज्य बनाने की मांग करता है। भारत सरकार ने इसे साल 1990 में बैन कर दिया था, साथ ही इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया था।

### मेक्सिको में भीषण दुर्घटना

## ट्रक के पलट जाने से 10 प्रवासियों की मौत

**अल जज़ीरा ।** दक्षिणी मेक्सिको में एक राजमार्ग पर गुप्त रूप से प्रवासियों को ले जा रहे एक मालवाहक ट्रक के पलट जाने से कम से कम 10 प्रवासियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार तड़के ग्वाटेमाला की सीमा के पास मैक्सिकन राज्य चियापास में हुई। सीएनएन ने मेक्सिको के नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि ट्रक दक्षिणी राज्य चियापास में पिजीजियापन-टोनला राजमार्ग पर 27 क्यूबाई नागरिकों को अवैध रूप से ले जा रहा था, जब दुर्घटना हुई। अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि ड्राइवर तेज गति से गाड़ी चला रहा था और उसने यूनिट पर से नियंत्रण खो दिया और यूनिट पलटने के बाद वह घटनास्थल से भाग गया।

अधिकारियों के अनुसार, 10 पीड़ितों में महिलाएं थीं और एक नाबालिग भी शामिल थी। दुर्घटना के बाद सभी घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सीएनएन ने बयान के हवाले से कहा, आईएनएम शवों को उनके मूल देश में वापस भेजने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू करने के लिए कांसुलर अधिकारियों के साथ संचार स्थापित करेगा और गंभीर रूप से घायल लोगों की स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाएगा। इस बीच, मेक्सिको में प्रवासियों से जुड़ी यह एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी घातक दुर्घटना थी। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले गुरुवार को चियापास राज्य के मेज़कालापा नगर पालिका में एक ट्रक के पलट जाने से दो प्रवासियों की मौत हो गई थी।

## हत्याओं से थर्राया यूपी- 6 लोगों की निर्मम हत्या, सीएम योगी बोले- हो कठोरतम कार्रवाई, बख्शेंगे नहीं किसी को

**लखनऊ ।** यूपी के देवरिया जिले में सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। जमीन का एक मामूली विवाद इतना आगे बढ़ गया कि एक के बाद एक दो परिवारों के 6 लोगों की हत्या हो गई। गांव की भीड़ भी इस हत्याकांड में शामिल हो गई।

देवरिया में सोमवार को एक वीभत्स घटना हुई। यहां जमीन के विवाद में छह लोगों की हत्या हो गई। पहले एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या की जाती है। उसके बाद प्रतिशोध में गांव की भीड़ आरोपी परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ती है। उन्होंने एक लाइन से पूरे परिवार को दर्दनाक मौत दे दी।

जिले में रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के लेहड़ा टोला पर सोमवार की सुबह भूमि के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, उसके प्रतिशोध में उमड़ी भीड़ आरोपी पक्ष सत्यप्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंच गई। धारदार हथियार और असलहों से लैस लोगों ने पति-पत्नी, दो बेटी, एक बेटे को मार डाला। देवरिया के रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले में आपसी रंजिश में हुए विवाद में एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हुई तथा दूसरे पक्ष के छह लोगों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पांच लोगों की मृत्यु हुई।



मामले पर स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया घटना आपसी रंजिश से संबंधित है। सोमवार सुबह प्रेम यादव सत्यप्रकाश दुबे के घर पर आए थे, जिसमें कहासुनी हुई और सत्यप्रकाश दुबे और उनके परिजनों ने प्रेम यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी। कुछ देर बाद प्रेम यादव के टोले अभयपुर से लोगों ने सत्यप्रकाश दुबे के घर पर हमला कर घटना को अंजाम दिया। मामले में दो गिरफ्तारी हुई है। प्रकरण की जांच जारी है।

**सीएम योगी ने दी प्रतिक्रिया**-इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी ने कहा कि जनपद देवरिया की दुर्भाग्यपूर्ण घटना अत्यंत दु:खद एवं निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। एडीजी/ कमिश्नर/आईजी को मौके पर पहुंचकर कठोरतम कार्यवाही तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। एडीजी ने कहा कि इस घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन, केंद्र से मनरेगा व अन्य योजनाओं के लिए की धन की मांग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पार्टी नेताओं के मुताबिक, राजघाट पर विरोध प्रदर्शन का स्थान तब तय किया गया, जब उन्हें वहां विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मिल गई। तृणमूल कांग्रेस के नेता हाथों में तख्तियां लेकर राजघाट पर धरने पर बैठ गए, जिन पर लिखा था, 'रिलीज बंगाल फंड्स नाउ'। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मनरेगा और अन्य आवास योजना निधि से कथित तौर पर इनकार करने के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया था। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी को स्कूल शिक्षक भर्ती मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तलब किया है। अभिषेक बनर्जी ने दावा किया है कि वह इस मामले में ईडी के नोटिस का अनुपालन नहीं करेंगे।

## कांग्रेस सांसद राहुल ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

**अमृतसर।** राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ 'झगड़े' के बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निजी दौरे पर पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। कांग्रेस नेताओं ने कहा, यह निजी दौरा है, राजनीतिक नहीं। यात्रा के दौरान, उन्होंने सामुदायिक रसोई में सेवा की। राहुल के स्वर्ण मंदिर दौरे से एक दिन पहले, पार्टी के पूर्व राज्य प्रमुख नवजोत सिद्धू ने इंडिया गठबंधन के लिए वकालत की।

## सांप्रदायिक तनाव के बाद शिवमोगा में धारा 144 लागू, जुलूस पर पथराव से भड़की हिंसा

**बंगलुरू।** कर्नाटक के शिवमोगा जिले में सांप्रदायिक तनाव के बाद प्रशासन ने रागी गुड्डा इलाके में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है। इसके साथ ही रागी गुड्डा में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। बता दें कि बीती रात एक धार्मिक जुलूस पर पथराव के बाद कर्नाटक के शिवमोगा में हिंसा भड़क गई थी। शिवमोगा के एसपी जीके मिथुन कुमार ने बताया कि %कुछ शरारती तत्वों ने ईद उल मिलाद के जुलूस पर पथराव कर दिया था। इसके बाद हिंसा भड़क गई और गुस्साए लोगों ने वाहनों और घरों में तोड़फोड़ की। वीडियो के आधार पर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ने बताया कि कुछ इलाकों में एहतियातन धारा 144 लागू कर दी गई है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं हालांकि शांति नगर और रागी गुड्डा इलाके में अभी भी तनाव बना हुआ है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।% मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह पूरा विवाद एक अफवाह के चलते हुआ। दरअसल अफवाह फैल गई कि ईद उल मिलाद के जुलूस पर पथराव हुआ है, जिसके बाद लोगों की भीड़ ने कई घरों और वाहनों पर पथराव कर दिया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### कार्यालय नगर परिषद मझौली जिला जबलपुर (म.प्र.)

(email Id-cmomanjholi@mpurban.gov.in tel. 07624-24444)

### ई-निविदा सूचना

निविदा 1176/लो.नि.शा./न.परि./2023 — मझौली, दिनांक 27/09/2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 2023_UAD_313292_1 दि. 03.10.2023 | Construction of Rangmanch At Choudhary Samaj Deeaala Ward No. 05, Majholi | 3 माह, 4,75,426/- | 2,000/- 4,800/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_313293_1 दि. 03.10.2023 | Construction of R.C.C Nali At In Font of Shrikant Jain Ward No. 09, Majholi | 3 माह, 1,61,931/- | 1,000/- 3,300/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_313294_1 दि. 03.10.2023 | Construction of Rangmanch At Ward No. 11 Majholi | 3 माह, 1,61,694/- | 1,000/- 3,400/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_313295_1 दि. 03.10.2023 | Construction of Rangmanch At Ward No. 01 Majholi | 3 माह, 4,23,247/- | 2,000/- 4,300/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_313296_1 दि. 03.10.2023 | Construction of Samudyak Bhawan At Ward No 02, Majholi | 3 माह, 4,23,247/- | 2,000/- 4,300/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_315323_1 दि. 03.10.2023 | Construction of R.C.C. Nali At Rahul To Sonu Ward No. 05, Majholi | 3 माह, 2,64,114/- | 2,000/- 2,700/- | 19.10.2023 |
| 2023_UAD_315247_1 दि. 03.10.2023 | Construction of Rangmanch At Ganesh Mandir Ward No. 06, Majholi | 3 माह, 1,67,694/- | 1,000/- 3,400/- | 19.10.2023 |

शर्त- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://www.mptenders.gov.in**की वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद मझौली

### PUBLIC NOTICE

It is general Information that I, BIPIN KUSHWAHA S/o Shri Ramesh Kushwaha residing at H.No. 636, New Basti Mukesh Kirana Store ke pass. Sarrapipar Ranjhi, Monegaon, Jabalpur (MP) declare that name of mine has been wrongly written as BIPIN KUMAR KUSHWAHA in my Class 10th Certificate No. A615/14117/0073 & Class 12th Marksheet No. 0076771.
The Actual name of mine is BIPIN KUSHWAHA respectively which my be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection

BIPIN KUSHWAHA
Signature (in existing new name)

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail-eewdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/व.ले.लि./2023-24/ — कटनी, दिनांक 26/09/2023

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन **Appendix 2.10** निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

| क्रं. | टेंडर आईडी क्रमांक | जिला | एस.ओ. आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) | कार्य की अमानत राशि प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. |
| 1. | 2023_PWDRB _311426_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | शासकीय आयुध औषधालय ढीमरखेड़ा जिला कटनी का मरम्मत कार्य | प्रथम | 17.97 | 0.35940 | 2000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2023_PWDRB _311428_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग बरही के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | प्रथम | 14.19 | 0.28380 | 2000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2023_PWDRB _311429_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 1 कटनी के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | प्रथम | 14.44 | 0.28880 | 2000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2023_PWDRB _311430_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रमांक 2 कटनी के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | प्रथम | 12.59 | 0.25180 | 2000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2023_PWDRB _311432_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | शासकीय आयुध औषधालय उमरियापान जिला कटनी का मरम्मत कार्य | प्रथम | 11.34 | 0.22680 | 2000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 6. | 2023_PWDRB _311433_1 | कटनी | 01.12.20 | बिजली कार्य | डी.एम.एफ योजना के तहत होमगार्ड झिंझरी कैम्पस कटनी में 14 सीटर बैरक में विद्युतीकरण का कार्य | प्रथम | 3.51 | 0.07020 | 2000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 7. | 2023_PWDRB _311435_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाले झिन्ना पिपरिया कटरा मार्ग लंबाई 3.0 किमी. मार्ग में मरम्मत का कार्य (अनुबंध क्रमांक 31/डी.एल./2019-20) | प्रथम | 3.80 | 0.07600 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8. | 2023_PWDRB _311436_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | विलायतकला स्टेशन पहुंच मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. में मरम्मत कार्य परफारमेंस गारंटी के अन्तर्गत अनुबंध क्रमांक 37/डी.एल./2020-21) | चौथा | 4.54 | 0.09080 | 2000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 9. | 2023_PWDRB _311853_1 | कटनी | 15.09.22 | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी के अंतर्गत सर्किट हाउस रेस्ट हाउसों एवं संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय कार्यालयों में मरम्मत का कार्य | प्रथम | 16.91 | 0.33820 | 2000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | | योग- | 99.29 | | | | |

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 99.29 लाख (निन्यान्नवे लाख उनतीस हजार मात्र)
उपरोक्त वेबसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 14.10.2023 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवन आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-20643/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी


# प्रथम पृष्ठ का शेष

### मध्यप्रदेश को.....

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ गए, इसके बाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सभा की। दोनों ही जगह मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। चित्तौड़गढ़ में कहा कि सीएम अशोक गहलोत चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं। वहीं, ग्वालियर में कहा कि 9 साल में इतना विकास हो सकता है। कांग्रेस को तो 60 साल मिले थे, लेकिन वो काम नहीं कर पाए। कांग्रेस के पास कोई रोडमैप ही नहीं है **गहलोत की विदाई का काउंट डाउन शुरू** -राजस्थान में पीएम चित्तौड़गढ़ ने 7 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा- कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार जरूर बना ली, लेकिन चला नहीं पाई। मुख्यमंत्री गहलोत बैठते-उठते, सोते-जागते मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी कांग्रेस उन्हें कुर्सी से हटाने में लगी रही, लेकिन लूट मचाने के मामले में पूरी कांग्रेस एक रही।

### महाराष्ट्र के .....

उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है, और उन्हें पास के चोपडे अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों की पहचान अभिषेक आर. जांभेकर (18), प्रकाश बी. जांभेकर (26), पंकज टी. जांभेकर (25) के रुप में की गई है। एसडीपीओ गवली ने कहा मामले में आगे की जांच जारी है।

### कोरोना के खिलाफ....

नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्तूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।

### नीलकंठ वर्णी की.....

वक्ताओं, विद्वानों और विचारकों ने अपने विचार रखे, जिनमें स्वामी गोविंददेव गिरि जी, स्वामी मुकुंदानंद जी, जेफरी आर्मस्ट्रांग (कवींद्र ऋषि), हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के अध्यक्ष वेद नंदा, अमेरिका के विश्व हिंदू परिषद के शिक्षा उपाध्यक्ष डॉ. जय बंसल और इंटरनेशनल ट्रान्सेंडैंटल मेडिटेशन के प्रमुख डॉ। टोनी नादर भी शामिल हुए। वक्ताओं ने इस दौरान सनातन धर्म से जुड़े कई पहलुओं पर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पूज्य स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा, मैंने बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम में कई दिन गुजारे हैं, और मेरा खुद यह मानना है कि इन जगहों पर आकर कोई भी हिंदू संस्कृति की व्यापक समझ विकसित कर सकता है। मंदिर में हर पवित्र तस्वीर के जरिए भारत और हिंदू धर्म को लेकर अलग ही दृष्टिकोण का पता चलता है।


### कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/सी.आर.एफ./मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) वर्ष 2023-24 — भोपाल, दिनांक 27.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | राज्य | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2023_PWDRB _312550_1 | जबलपुर | कुल कार्य | केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत जबलपुर जिले के एन.एच.-30 गोसलपुर अगरिया से प्रतापपुर मार्ग में जबलपुर कटनी सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 1019/2-3 पर लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 331 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य ई.पी.सी. मोड। | प्रथम | 4324.04 | केवल ऑन- लाईन |
| | | | | कुल योग- | | 4324.04 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10.11.2023 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-20612/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

क्रं. 33/6/सा-2/2023-24/ — दिनांक 22/09/2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 33/सा./मु.अ./2023-24 दिनांक 22/09.2023 (प्रथम आमंत्रण) | बरगी नगर कालोनी पंप हाऊस क्रं. 2 में स्थित 40 एच.पी. मेक्सफ्लों पंप का सुधार कार्य। | 43,910.00 (रुपये तेतालीस हजार नौ सौ दस ) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | 1000.00 एक हजार) मात्र | 30 दिन (अनुबंध) तिथि से) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders. gov. in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 09.10.2023, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-20613/23 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# देश-प्रदेश

## उवाच

### चुनाव प्रचार में बेशर्मी से झूठ बोलते हैं मोदी : जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले राजस्थान में हैं और कहा कि उन्होंने मणिपुर और महिलाओं के खिलाफ अपराध की अन्य घटनाओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। लेकिन जब चुनाव प्रचार की बात आती है तो वह वही करेंगे जो वह सबसे अच्छा करते हैं, 'बेशर्मी से झूठ बोलना'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा को नजरअंदाज नहीं करेगी, और राजस्थान सरकार सभी मामलों में अत्यंत तत्परता और गंभीरता के साथ न्याय करेगी, जबकि भाजपा सरकारें इसके विपरीत कभी भी जिम्मेदारी या जवाबदेही स्वीकार नहीं करती हैं।



## सार-समाचार

### मेघालय में भूकंप के झटके किए गए महसूस

**शिलांग, एजेंसी।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। मध्यम तीव्रता का झटका शाम छह बजकर 15 मिनट पर आया। उत्तरी गारो हिल्स व आसपास के पश्चिम व पूर्वी गारो हिल्स जिलों के साथ-साथ असम के निकटवर्ती इलाकों में भी जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप सतह से दस किमी की गहराई पर आया।

### दमोह के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी की घर वापसी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल,केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष दमोह जिले के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह लोधी ने घर वापसी की। वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

### बंगाल के 7 जिलों में बाढ़ का अनुमान

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है। झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

### विपक्ष का विकास विरोधी रुख निंदनीय : पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पटनायक ने गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है। उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है।

## टिकट न मिलने से नाराज : भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला ने निकाली आक्रोश रैली



▶ चुनाव लड़ने की घोषणा की, मंगलवार को निकालेंगे न्याय यात्रा

**सीधी/ भोपाल, देशबन्धु।** सांसद रीती पाठक को सीधी विधानसभा से टिकट देने से नाराज चल रहे विधायक केदारनाथ शुक्ला ने आज निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की, साथ ही अपने निज निवास से लेकर कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक रैली में शामिल हुए, वहीं कई अन्य भाजपा नेता उनसे दूरी बनाते दिखे। उन्होंने इसके साथ ही घोषणा की है कि 3 अक्टूबर मंगलवार से वह पूरे विधानसभा क्षेत्र में न्याय यात्रा निकालेंगे और यह न्याय यात्रा उनकी जीत तक निरंतर चलती रहेगी।

उन्होंने इस दौरान स्वयं को भाजपा का असली कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि हम असली कार्यकर्ता हैं हमें पार्टी व पद से इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन्हें भाजपा ने टिकट दिया है वे नकली कार्यकर्ता है।

उल्लेखनीय है कि सीधी विधानसभा क्षेत्र से अपना टिकट कटने के बाद से ही विधायक शुक्ला लगातार बयानबाजी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आज उन्होंने आक्रोश यात्रा के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह चुनाव लड़ने की बात पर किसी प्रकार का समझौता करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने रैली के बाद दीनदयाल पार्क में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा द्वारा उनका टिकट काटने को क्षेत्र की जनता का अपमान बताया है। विधायक शुक्ला ने कहा कि आज के समय में भ्रम की राजनीति करने वालों को स्थान मिलता है, जबकि जनता की सेवा करने वाले नेताओं को टिकट मिलनी चाहिए। श्री शुक्ला ने कहा कि ऐसे समय में वह खुलकर अन्याय का सामना करेंगे और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर करेंगे। इस दौरान उन्होंने यह बात कहने से भी संकोच नहीं किया कि उन्हें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी सहित अन्य पार्टियों ने विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए न्यौता दिया, लेकिन मैने सभी पार्टियों को साफ मना कर दिया। श्री शुक्ला ने आगे बताया कि अभी मुझे शीर्ष नेतृत्व ने कुछ इंतजार करने के लिए कहा है। उन्होंने आशा जताई कि पार्टी टिकट वितरण में हुई गलती को सुधारकर उन्हें ही प्रत्याशी बनाएगी।

## गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाना भाजपा सरकार का जनविरोधी कदम : रागिनी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को एक ओर जनविरोधी कदम बताया। पार्टी ने कहा है कि कुछ दिन पहले घरेलू गैस सिलेंडरों पर 2 सौ रुपए घटाकर अब कामर्शियल सिलेंडर पर 209 रुपए बढ़ाने से मोदी सरकार का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने पत्रकार वार्ता में कहा कि एक तरफ केन्द्र सरकार ने कुछ दिन पहले 200 रुपये कम कर दिए हैं और मप्र सरकार भी 'लाडली' बहनों को 450 रुपए का सिलेन्डर देने की बात करती हैं वहीं केन्द्र सरकार अब दूसरी तरफ कमर्शियल सिलेंडर पर 209/- रुपए बढ़ा देती है। डॉ. रागिनी ने इस बढ़ोत्तरी को भाजपा सरकार की चालाकी बताया और कहा कि इसका प्रभाव सीधे आम आदमी के जीवन पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ज्यादातर छोटे व्यवसाय चलाने वाला व्यक्ति रेहड़ी-ठेला-खोमचे चलाने वाला व्यक्ति, ढाबा-होटल चलाने वाला व्यक्ति कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर को इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या प्रदेश में तकरीबन 21 लाख है। कामर्शियल सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी से न सिर्फ छोटे व्यवसायी प्रभावित होंगे अपितु जो व्यक्ति इन रेहड़ी-ठेला-खोमचे वालों के यहां नाश्ता करता है अथवा खाना खाता है, उसकी जेब पर भी इसका असर पड़ेगा। डॉ. रागिनी ने कहा कि जो रोटी-सब्जी उसे 20 रुपए में मिल जाती थी, उसके लिए अब 30 रुपए का भुगतान तक करना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने गैस की कीमतों में वृद्धि के पीछे सब्सिडी को कम करने को एक कारण बताया। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय के डाटा का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2004-2014 यानि कांग्रेस-यूपीए के कार्यकाल में 2,14, 0000 करोड़ की सब्सिडी दी गई, ताकि जनता को एलपीजी गैस सिलेंडर 4 सौ रुपए का मिल सके। पिछले 9 सालों में ये सब्सिडी घटाकर 36,500 करोड़ कर दी गई। यही कारण है 1000-1100 का रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है।

## संविधान बचाओ यात्रा को पुलिस ने लांबाखेड़ा में रोका, दिग्विजय की चेतावनी के बाद मिली इजाजत

**भोपाल, देशबन्धु।** विदिशा से भोपाल आ रही संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ यात्रा को पुलिस ने लांबाखेड़ा में ही रोक दिया। यह खबर लगते ही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आंदोलनकारियों से मिलने लांबाखेड़ा पहुंच गए और पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि यात्रा रोकी तो वे भी यहीं धरने पर बैठ जाएंगे, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने यात्रा को आगे जाने दिया।

उल्लेखनीय है कि आदिवासियों के नेता सुनील आदिवासी के नेतृत्व में निकल रही इस यात्रा में दिग्विजय को रोशनपुरा से शामिल होना था, लेकिन पुलिस के रोकने के कारण वे करोंद चौराहे से लांबाखेड़ा के बीच यात्रा में पहुंच गए। दिग्विजय ने पुलिसकर्मियों से कहा कि यात्रा को यदि रोशनपुरा चौराहे तक नहीं जाने दिया जाता तो वे यहीं पर धरना देकर बैठ जाएंगे। इस चेतावनी के बाद पुलिस ने पीछे हटते हुए आदिवासियों को भोपाल जाने की इजाजत दे दी। जिसके बाद संविधान बचाओ -लोकतंत्र बचाओ यात्रा रोशनपुरा पहुंची और यहां आमसभा भी की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों से जमीनें छीन ली गई हैं। साथ ही इन्हें पट्टा रहित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों को दबंगों द्वारा पुरजोर तरीके से दबाया जा रहा है। दबंग लोग आदिवासियों पर पेशाब कर रहे हैं। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान पर कहा कि भाजपा सरकार किसी की नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने इस यात्रा में पूरे समय साथ रहने की बात भी कही।

## नांदेड के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत

मरने वालों 12 नवजाता शिशु भी, ज्यादातर मौतें सांप काटने से

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड के एक सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मरीजों की सांप काटने से मौत से हड़कंप मच गया है, अस्पताल के डीन का कहना है कि अस्पताल में तबादले की वजह से मरीजों की संख्या काफी कम हो गयी है और समुचित दवाईयां भी नहीं हैं

महाराष्ट्र के नांदेड़ में दिल दहला देनेवाला मामला सामने आया है. नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल के डीन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 12 नवजात बच्चों सहित 24 मरीजों की मौत हुई है. इनमें से ज्यादातर मौतें सांप काटने से हुई है.जानकारी के मुताबिक 2 अक्टूबर को शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल के डीन ने स्टाफ और दवा की कमी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि मरीजों की मौत अलग अलग बीमारियों और सांप के काटने के कारण हुई. उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की कमी हो गयी है. पिछले दिनों हुए व्यापक तबादलों के कारण अस्पताल में ये कमी आई है



पीएचई एवं जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने की समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा

## समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने सशक्त निगरानी और उत्तरदायित्व निर्धारित हो

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये सशक्त मॉनिटरिंग और उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जायेगा, वहीं काम न करने वाले को ब्लेकलिस्ट। मंत्री श्री शुक्ल ने जल भवन भोपाल में समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये।मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये सशक्त टीम बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बारिश थमने के कारण कार्य को गति प्रदान की जाये, जहाँ मानव संसाधन की कमी है, उसे दूर किया जाए। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कांट्रेक्टर नियमानुसार ड्राइंग/डिजाइन संचालनालय में भी जमा करें। मुख्यालय में कमेटी बनाई जा रही है,जिससे किसी भी कार्य में रूकावट नहीं आएगी।बैठक में मंत्री श्री शुक्ल ने प्रगतिरत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की एवं सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने एल एण्ड टी कंपनी को आवश्यक मानव संसाधन, मशीनरी एवं सामग्री लगाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिये।

बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में सतही स्त्रोत (नदी एवं बांध) आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 62,438 करोड़ लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनायें स्वीकृत है। इन योजनाओं से 35,996 ग्राम लाभान्वित होंगे। इनमें से 2,906 करोड़ लागत की 33 योजनाओं की पूर्ण कर 1,733 ग्रामों को नियमित जलप्रदाय किया जा रहा है। साथ ही 56,458 करोड़ लागत की 109 योजनायें जिनसे 32,700 ग्राम लाभान्वित होंगे, के कार्य प्रगतिरत है। प्रगतिरत 109 योजनाओं के 32,700 ग्रामों में से 2,774 ग्रामों में जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 3,076 करोड़ रूपये लागत की 1,563 ग्रामों की 6 योजनायें निविदा प्रक्रिया में है, जिनके कार्यादेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। बताया गया कि बुरहानपुर जिले को उत्कृष्ट प्राईम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2022 के लिये स्वच्छ जल हर घर जल योजना के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा 20 अप्रैल 2023 को बेस्ट परफार्मिंग जिले की श्रेणी में अभिस्वीकृति दी गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गत 4 मार्च को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप से जल वितरण योजना के तहत संचालन एवं संधारण में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाली बहन श्रीमती अनिता चौधरी, ग्राम मोहखेड़ समूह ग्राम योजना, जिला छिंदवाड़ा को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।



केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ फैसला

## छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भी भाजपा आजमाएगी मप्र का फार्मूला

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले इस साल के आखिर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मध्य प्रदेश में पार्टी अभी तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है।

इसी तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ व राजस्थान में केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। इसका फैसला गत रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बची 69 सीटों के लिए भी नाम तय कर दिए हैं। एक-दो दिन में ही इनका ऐलान किया जा सकता है। जबकि सूबे के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार सूबे का दौरा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी कुछ बड़े चेहरों प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ ही केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग विजय बघेल सांसद को चुनावी अखाड़े में उतारा जा सकता है। वहीं भाजपा ने राजस्थान के लिए 54 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। ये सीटें वे हैं,जहां भाजपा पिछली बार चुनाव हार गई थी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में भी तीन केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी के अलावा चार सांसदों राज्यवर्धन सिंह राठौर, दिया कुमारी, राहुल कासवन और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतार सकती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उलझाने के लिए उनके सामने गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा जाय। माना जा रहा है कि राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची चौकाने वाली हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है।

In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:
विश्वेश्वरी मिश्रा

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

**(MJC SUC/0000115/2023)**

डॉ. हेमंत बटालिया...... आवेदक
Vs
आम जनता .......अनावेदक

Process Id- 2023
पेशी दि.:-07/11/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - आम जनता
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. हेमंत बटालिया पता, संतुष्टि 110, आदर्श नगर नर्मदा रोड जबलपुर (मध्यप्रदेश) ने मृतक संतोष बटालिया (महिला) एवं सतीशचन्द्र बटालिया (पुरूष) निवासी- 110, आदर्श नगर नर्मदा रोड जबलपुर (मध्यप्रदेश) एवं 110, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर, जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश) की स्टैट बैंक ऑफ इंडिया मेन ब्रांच जबलपुर एवं स्टैट बैंक ऑफ इंडिया पर्सनल बैंकिंग शाखा 1578, सिविल लाईन जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 7 नवम्बर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 7 नवम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 आवेदक क्रमांक 2 एवं 3 के पास मृतक की जमा विभिन्न राशियों 8867148 रूपये बावत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र आवेदकगणों के पक्ष में जारी करने बावत की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**
र.नं. -1315 **जिला जबलपुर (म.प्र.)**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी नंबर 14426181X Rank Ex. Hav. अशोक कुमार यादव उम्र 43 वर्ष सेना में अटलरी विभाग में नासिक में नौकरी करता था मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम अधिराज कुमार यादव दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं शिक्षा संबंधी दस्तावेज में अधिराज यादव दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपने पुत्र का नाम अधिराज कुमार यादव के स्थान पर अधिराज यादव संशोधित कर दर्ज कराना चाहता है, अतः दैनिक समाचार पत्र में मेरे पुत्र का नाम अधिराज कुमार यादव के स्थान पर अधिराज यादव प्रकाशित करने की दया करें।

जबलपुर
दिनांक 02/10/2023

**अशोक कुमार यादव**
**आर्मी नंबर**- 14426181X
Rank Ex. Hav.

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार मेसर्स पत्रकार प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व की संपत्ति देशबन्धु कॉम्पलेक्स है, जो कि देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदरा ब्रिज जबलपुर पर स्थित है। पूर्व में दैनिक समाचार पत्र 'पत्रिका' में दिनांक 04.04.2021 में प्रकाशित सूचना को ध्यान में रखते हुए उक्त संपत्ति या उक्त संपत्ति पर स्थित किसी भी प्रकार की दुकान अथवा भाग-का हस्तांतरण किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्थान, साझेदारी आदि द्वारा किया जाता है, तो वह पूर्णतः अवैध एवं शून्य प्रभाव रखेगा। केवल उक्त संपत्ति के स्वामी जो कि मेसर्स पत्रकार प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड है, किसी भी हस्तांतरण को करने की पात्रता रखते हैं। यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, फर्म, संस्थान साझेदारी आदि उक्त संपत्ति या संपत्ति के भाग या दुकान का हस्तांतरण या संव्यवहार करता है, या करने का प्रयास करता है, तो उस व्यक्ति पर विधि अनुसार उपयुक्त कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा की जायेगी जिसके लिये वह व्यक्ति, फर्म, संस्थान, साझेदारी आदि स्वयं जिम्मेदार होंगे।
जबलपुर दि- 02.10.2023

भवदीय
**अर्जुन सिंह एड.**
781, नेपियरटाउन, भवरताल एक्सटेक्शन
जबलपुर- 9617403399

## भजन संध्या देश की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत करेगी : मंगुभाई पटेल

### वंचित समाज को आगे लाना, उनकी बेहतरी के लिए काम करना, बापू को सच्ची श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि संगीत में अद्भुत शक्ति होती है। भजन संध्या देश की गंगा-जमुनी तहजीब की समृद्ध परंपरा को और अधिक मजबूत बनाएगी। कलाकार अपनी साधना से भारतीय संस्कृति के कलात्मक गौरव को नई ऊंचाइयाँ प्रदान करेंगे और देश-दुनिया में भारत का नाम रोशन करेंगे।राज्यपाल पटेल रविन्द्र भवन में एकै राम रहीम... भजन संध्या कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आयोजन संस्कृति विभाग के स्वराज संस्थान द्वारा किया गया था। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर मौजूद थी। भजन संध्या में प्रख्यात गायक ध्रुव शर्मा और गायिका स्वर्णश्री ने भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि पिछड़े और वंचित समाज को आगे ले कर आना और उनकी बेहतरी के लिए काम करना, बापू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि हर दिन आत्म अवलोकन करे, अच्छे कामों से प्रेरणा लें, गलतियों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगे, तभी मानव जीवन की सार्थकता है।




**वैष्णव जन ते... में बापू के आदर्श, दर्शन और चिंतन की झलक**-राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भजनों से अगाध प्रेम था। संत नृसिंह मेहता द्वारा रचित वैष्णव जन ते... में बापू का सम्पूर्ण जीवन दर्शन, आदर्श और चिंतन का सार समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह भजन हमें मानव जाति के प्रति समानता, प्रेम और दुखियों की पीड़ा को समझकर उसे दूर करने का संदेश देता है। श्री पटेल ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारतीय चिंतन पर आधारित गांधीजी के दर्शन में समकालीन विश्व की चुनौतियों के समाधान निहित है। गांधी जी भारतीय संस्कृति की धरोहर और विरासत हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल के प्रसंग पर हम सब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। उनके दर्शन सत्य, अहिंसा, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प करें। श्री पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर नमन किया और आव्हान किया कि उनके नारे जय जवान-जय किसान के बाद अब जय विज्ञान और जय अनुसंधान की ओर भारत को अग्रसर रहना चाहिए। संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने भजन संध्या कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री हम सबके लिए प्रेरणा के पुंज है। महापुरूषों की जयंती उनके सदगुणों को आत्मसात कर अपने आचरण में उतारने का अवसर होता है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दीप प्रज्जवलन कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए।

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 03 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वाधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी है।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

# भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की ट्रूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही ट्रूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। ट्रूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रेवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ ही हो चुका है कि ट्रूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के ट्रूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-ट्रूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उस पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।



राजेन्द्र शर्मा

> कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में ''यह भारत की नीति नहीं है'' के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है। दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है। याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

''रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।''

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ तीर्थंकर मित्र

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

> कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता ख़त्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

## गुरवाणी विचार

# उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइऐ गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-
उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि- मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

# विकास किया है - विकास करेंगे







## ₹ 6940 करोड़ लागत की भोपाल मेट्रो का ट्रायल रन फ्लेग ऑफ

सुभाष नगर, भोपाल । पूर्वाह्न 11:00 बजे

## महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन एवं राज्य स्तरीय 1400 स्कूटी व ऋण वितरण

जम्बूरी मैदान, भोपाल । दोपहर 12:30 बजे

तथा

## स्टेट मीडिया सेन्टर का भूमिपूजन

मालवीय नगर, भोपाल । दोपहर 12:00 बजे



मुख्यमंत्री

## शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

3 अक्टूबर, 2023



**भोपाल मेट्रो**

आवागमन का तेज, सुरक्षित, आधुनिक और आरामदेह साधन उपलब्ध होने के साथ हरित ऊर्जा से होगा पर्यावरण संरक्षण

**स्टेट मीडिया सेन्टर**

यह सेन्टर सार्थक और प्रासंगिक मीडिया गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र बनेगा, नये भवन में सभागार, पुस्तकालय, सामान्य कक्ष व अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी

**महिला स्व-सहायता समूह**

4 लाख 50 हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 53 लाख से अधिक महिलायें हुईं आत्मनिर्भर। ₹5 हजार 800 करोड़ से अधिक का क्रेडिट लिंकेज

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11132/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

# दीप यज्ञ से उद्घाटित हुआ विराट पुस्तक मेला



**जबलपुर, देशबन्धु।** गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर द्वारा रांझी में विराट पुस्तक मेले का आयोजन 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसमें गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति पं.श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा जीवन की समस्त समस्याओं के समाधान पर रचित साहित्य एवम वेद, पुराण, उपनिषद आदि के भाष्य जो गुरुदेव द्वारा लिखे गए हैं, सभी को यहां पर सर्व सुलभ कराया जा रहा है। पुस्तक मेले का उद्घाटन स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी द्वारा किया गया। सोमवार को विराट पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आचार्य नारायण दुबे एवं कन्याओं की टोली के द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें युग परिवर्तन के आधारों को बताया गया। यज्ञाचार्य ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव द्वारा रचित साहित्य में आज की समस्त समस्याओं का समाधान है।

गुरुदेव के साहित्य से लाखों व्यक्तियों ने अपने जीवन को बदला है। मानव मात्र एक समान, एक पिता की सब संतान का नारा पूज्य गुरुदेव द्वारा बहुत पहले ही दिया गया है। आज पूरा विश्व इसी के ऊपर कार्य कर रहा है।

गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी द्वारा नागरिकों से पुस्तक मेला में भाग लेकर अच्छे साहित्य से ज्ञान अर्जन करने के लिए आग्रह किया गया है।

# व्हीएफजे में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

## श्रमदान कर स्वच्छता का लिया संकल्प



**जबलपुर, देशबन्धु।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार भोला एवं अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले संजीव कुमार भोला, मुख्य महाप्रबंधक ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत निर्माणी के अन्य सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उल्लेखनीय है कि गाँधी जयंती से पूर्व आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड आवडी, चेन्नई से 25 से 30 सितंबर 2023 तक विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 का आयोजन करने के लिये निर्माणी को निदेश प्राप्त हुए थे। प्राप्त निर्देशानुसार व्हीएफजे इस्टेट एवं निर्माणी में सघन स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इसके अलावा ड्राइंग एंड पेंटिंग कंपटीशन तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ 1 अक्टूबर 2023 को निर्माणी में 1 तारीख 1 घंटा अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया।

2 अक्टूबर को गांधी एव शास्त्री जयंती के अवसर पर कर्मांजलि से श्रद्धांजलि की थीम पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद स्वच्छता की शपथ भी उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिलाई गई। स्वच्छता की शपथ कमलेश कुमार, महाप्रबंधक ने दिलाई। गांधी जयंती के अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री संजय कुमार भोला मुख्य महाप्रबंधक ने महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के बहुमूल्य विचारों को याद किया तथा सभी से अपील की, कि सब इन दोनों महान विभूतियों के विचारों को अपने जीवन में उतारें और उसी प्रकार आचरण करें। उन्होंने बापू द्वारा प्रचारित शांति, अहिंसा और सद्भाव के विचार को प्रासंगिक बताते हुए सभी अधिकारियो-कर्मचारियों से अपने-अपने कार्यालय से ही स्वच्छता अभियान की शुरुआत करने की अपील की।

इस अवसर पर कमलेश कुमार, डी एन वर्मा, ए के राय, रामेश्वर मीना, डी भट्टाचार्य, हिमांशु श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह तथा गोलू झारिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने किया याद

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यू कंचनपुर शोभापुर स्थित कार्यालय में आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के सदस्यों ने गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दोनों महापुरूषों को याद किया और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का प्रण लिया। इस दौरान अध्यक्ष शंकर लाल गोंटिया, शैलेन्द्र सिंह लोधी, अशोक गोंटिया, आनंदी लाल, लीला ठाकुर, श्याम बहादुर, युवराज गोंटिया, राजेन्द्र गोंटिया, हेमंत ठाकुर, पूजा ठाकुर सहित आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों की पहल, तैयार किया कैम्पस टायकूंस प्लेटफॉर्म



**जबलपुर, देशबन्धु।** आज स्टार्टअप का दौर है, जहां छोटे से बड़े आइडियाज युवाओं की जिन्दगी बदल रहे हैं। इसके बाद भी कई अच्छे आइडियाज ऐसे होते हैं, जहां फंडिंग की कमी और सपोर्ट ना मिलने के कारण वे डवलप नहीं हो पाते। युवाओं की ऐसी ही प्रॉब्लम्स को दूर करने के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्रुप द्वारा स्टार्टअप सॉल्यूशन प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इसे जेईसी टायकूंस का नाम दिया गया है।

इसलिए युवाओं की पहल इंजीनियरिंग कॉलेज में ई-सेल द्वारा कैम्पस टायकूंस नाम से प्लेटफॉर्म बनाया गया है। ग्रुप को ओम प्रकाश नेमा ने बताया कि इस ग्रुप को अपने अन्य साथियों के साथ रन करते हैं। इसमें हर्षित, अभिषेक, लवीना, आकाश, गगन आदि शामिल हैं। ग्रुप मेंबर्स का कहना है कि इस प्लेटफॉर्म के जरिए फर्स्ट ईयर के छात्रों के स्टार्टअप को सपोर्ट किया जाएगा।

**एलुमिनाई करेंगे फंडिंग-** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के एलुमिनाई मेंबर्स द्वारा फंडिंग के लिए बेहतर पहल की जाएगी। एलुमिनाई के सदस्यों का कहना है कि वे ऐसे में युवाओं के स्टार्टअप को सपोर्ट करेंगे, जिनके आइडियाज बेस्ट होंगे।

**साल भर किया जाएगा सेल में काम-**ओम ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म को शुरू करने के पहले उन्होंने कॉलेज के ज्यादातर युवाओं को स्टार्टअप के लिए परेशान होते देखा है। अच्छे आइडियाज के कारण भी उनके स्टार्टअप को सपोर्ट नहीं मिल पाता। ऐसे में उन्होंने ई-सेल के साथ कैम्पस टायकून की शुरुआत की। इसकी लॉन्चिंग 16 सितम्बर को हुई है। इस प्लेटफॉर्म में साल भर युवाओं के स्टार्टअप को निखारा जाएगा।

### इनका कहना है

- फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के पास यदि कोई आइडिया है तो उसे सेल में डवलप किया जाएगा। अभी यह कॉलेज स्तर पर है, बाद में इसमें अन्य कॉलेज के स्टूडेंट्स को जोड़ा जाएगा।

**- ओम प्रकाश नेमा, फाउंडर**

- एलुमिनाई मेंबर होने के कारण कॉलेज और कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए कुछ करना हमारी जिम्मेदारी। स्टार्टअप आइडियाज में फंडिंग कर युवाओं का फ्यूचर सिक्योर किया जाएगा।

**- सुनील सोनारे, एलुमिनाई मेंबर**







## साबरमति के संत तूने कर दिया कमाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** साबरमति आश्रम, नमक कानून, हथकरघा निर्माण प्रक्रिया और अन्य अहम किस्सों का मंचन कलाकारों ने नाटक से किया। सोमवार को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शहीद स्मारक सांस्कृतिक ट्रस्ट के तत्वावधान में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी यात्रा से हुई। साबरमति के संत तूने कर दिया कमाल जैसे गीतों पर स्वरों की झंकार ने समां बांधा।

## गांधी कथा में सुनाए किस्से

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना द्वारा लखीमपुर खीरी से आए शिवदत्त मिश्र ने गांधी कथा सुनाई। सेम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वावधान में वैष्णोजन तेने कहिये, पीर पराई जाने ने... ने भावविभोर किया। यात्रा में बच्चों ने महात्मा गांधी का गेटअप रखा। मुख्य अतिथि बाबू विश्वमोहन, ट्रस्टी नित्यनिरंजन खम्परिया, आरके टेहनगुरिया, जागदूर एसके निगम, डॉ. नीलेश पाण्डे मौजूद थे।

## केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में महापुरुषों की जयंती पर विविध आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापुरुषों का अनुसरण करना आवश्यक है। उनके आदर्श जीवन संवारते हैं। ऐसे ही महापुरुषों में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का नाम शामिल है। सीओडी केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रपिता गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजन हुआ। प्राचार्य वाई के सोलंकी ने कहा कि छात्रों को जीवन में महापुरुषों के विचार अपनाने चाहिए। इस मौके पर आकांक्षा यादव, अभिनव मौजूद रहे।

## कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका में किया जाएगा।

## ग्रेंड महारास गरबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महारास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिफर मिस्त्री बंसीवाल मुख्य अतिथि होंगी।

## प्रकृति का दुश्मन है पॉलिथिन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यावरण के सबसे बड़े दुश्मन में एक पॉलिथिन है। इसके निपटान के लिए जहां उपयोग पर रोक लगाना जरूरी है, वहीं लोगों में जागरुकता भी आवश्यक है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिला स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रो. अशोक कुमार मराठे, डॉ. देवांशु गौतम, सह-संयोजक डॉ. मंजीत सिंह मौजूद थे।



## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की पंचमी, नक्षत्र-कृतिका।**

**मेष**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा|-ख होगा।

क.

**कर्क**
मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

**सिंह**
पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

**तुला**
आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**वृश्विक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

**धनु**
गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

**मकर**
संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभ**
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

**मीन**
आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा.

## उत्कल घसिया समाज महिला मंडल ने मनाई गांधी जयंती

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्कल घसिया समाज महिला मंडल सोसायटी द्वारा ठक्कर ग्राम स्थित घसिया कालोनी में गांधी जी के तैल्यचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित गांधी जयंती मनाई। इस मौके मंडल की महिला वक्ताओं ने गांधी जी के जीवन प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष भारती कुमार, सचिव शारदा सागर के मंडल की समस्त महिलाएं उपस्थित रहीं।



## कायस्थ महासभा ने पुष्पांजलि अर्पित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर चमन श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, प्रतुल श्रीवास्तव, डॉ. जेएन खरे, संतोष श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, संदीप वर्मा, सुनीता वर्मा आदि कायस्थ महासभा के सदस्य मौजूद रहे।



## नव ज्योति नशा मुक्ति पुर्नवास केन्द्र में मनाई गांधी जयंती

**जबलपुर, देशबन्धु।** अवधपुरी नशा मुक्ति केन्द्र में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक लखन घनघोरिया, हेमंत सोलंकी, नीरज रजक, डॉ. सरकार, रश्मि सोलंकी, श्वेता मिश्रा, यश सोलंकी, राकेश पटेल, संतोष बर्मन, राधा गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की जी.आई.एस कटौती राशि बढ़ाने की मांग

## कर्मचारी समूह बीमा योजना राशि दस लाख की जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास श्री कर्मचारियों से 200 रू प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रूपये होता है जो कि आज की इस मंहगाई के दौर में बहुत कम है। अत: कर्मचारियों की समूह बीमा राशि प्रतिमाह बड़ा कर 1000 रू किया जाना चाहिए। क्योंकि जितनी न्यूनतम राशि कर्मचारियों की काटी जाएगी उतनी ही न्यूनतम राशि का बीमा हो पाएगा। परंतु यदि 1000 रूपये प्रतिमाह काटे जाते हैं तो कर्मचारियों का दस लाख का बीमा किया जा सकता है। संघ ने आगे बताया कि समूह बीमा योजना राशि कर्मचारियों के वेतन से काटी जाती है यदि 1000 रू राशि कर्मचारियों के खाते से काटी जाती है तो इससे सरकार पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। और भविष्य में यदि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटती है तो उन्हें कर्मचारी समूह बीमा योजना के तहत दस लाख रूपये मिल सकते हैं जो उनके आश्रितों के लिए एक बड़ा सहारा होगी।

संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, दिनेश गौंड़, क्रिस्टोफर नरोना, सुधीर अवधिया, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, विनय रामजी, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, फिलिप एंथोनी, अफरोज़ खान, उमेश ठाकुर, गोपीशाह, शरीफ अंसारी, रऊफ खान, निलेश खरे, अशोक परस्ते, सुधीर पावेल, अभिषेक ठाकुर, विनोद सिंह, चैतन्य कुशरे, डी.आर.बेलवंशी, महेन्द्र प्रधान, एस.बी.रजक, संतोष चौरसिया, देवेन्द्र पटेल, रमाकांत चौकसे, मनोज साहू, वसुमुद्दीन, त्रिलोक सिंह, समर सिंह ठाकुर, आशीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की समूह बीमा राशि 10 लाख रुपए की जाए।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री आयुष्मान भाऊराव दुपारे-** एलआईसी कॉलोनी गंगासागर रोड मदनमहल निवासी श्री आयुष्मान भाऊराव दुपारे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश समुंद्रे-** सर्वोदय स्कूल के पीछे कांचघर रोड निवासी श्री राजेश समुंद्रे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोनिका ठाकुर-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी अजय ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सोनिका ठाकुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामदीन कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रामदीन कोल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशी तिवारी-** फूटाताल निवासी श्री राकेश तिवारी के पुत्र श्री अशी तिवारी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन कोरी-** शीतलामाई मंदिर के पास निवासी श्री शंकर लाल कोरी के पुत्र श्री रतन कोरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल विश्वकर्मा-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री छोटे लाल विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती धर्माशीला देवी पोद्दार-** आस्था नगर अपार्टमेंट ग्वारीघाट निवासी श्री महेंद्र पोद्दार की धर्मपत्नी श्रीमती धर्माशीला देवी पोद्दार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# एक्टिवा से उछलकर बरगी नहर में गिरे तीन युवक, दो तैरकर बाहर आए, एक लापता



**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी नहर बरेला में देर रात एक्टिवा सवार उछलकर नहर में गिर गए। दो तो तैरकर बाहर आ गए, एक तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। युवक के बहने की खबर मिलते ही होमगार्ड की टीम पहुंची और युवक की तलाश शुरु कर दी है। लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार चौधरी दमोहनाका निवासी आकाश, विकास व नीतेश अहिरवार एक्टिवा से बरगी डेम घूमने के लिए गए थे। जहां से तीनों युवक घर के लिए रवाना हुए। जब वे बरगी नहर बरेला के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान भारी वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही एक्टिवा लहराकर सेफ्टी वॉल से टकराई और तीनों युवक उछलकर नहर में गिर गए। विकास ने तैरते हुए आया और मोटर का पाइप पकड़ लिया और आकाश को झाड़ियों का सहारा मिल गया। लेकिन नीलेश तेज बहाव में बहता चला गया। दोनों युवकों ने बाहर निकलते ही अपने स्तर पर नीतेश की तलाश की लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर पुलिस व परिजनों को खबर दी। खबर मिलते ही परिजन, रिश्तेदार व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने सोमवार सुबह गोताखोर टीम की मदद से तलाश शुरु कर दी। अभी तक नीतेश का कुछ पता नहीं चल सका है, इधर युवक के बहने की खबर मिलते ही क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते क्षेत्रीय लोग भी मौके पर पहुंच गए, इनमें कुछ युवक तैरना जानते है, वे भी होमगार्ड की गोताखोर टीम के साथ तलाश कर रहे है।

# कंचनपुर गोलीकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

## दूसरे को बिहार में ढूंढ रही पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना अंतर्गत कंचनपुर में 28 सितम्बर को हुए गोलीकांड के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरे आरोपित को ढूंढने के लिए पुलिस यूपी पहुंची गई। आरोपी के संबंध में मिली अहम जानकारी के आधार पर वहां छापेमारी की जा रही है। हालांकि दूसरा आरोपी अभी पुलिस गिरफ्तार से दूर है लेकिन अधिकारियों का दावा है कि जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। विदित हो कि अधारताल निवासी अमित जोशी और रजा चौक निवासी फिरोज पुराने दोस्त है। गुरूवार को दोनों का कंचनपुर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया था कि फिरोज ने पिस्टल निकालकर अमित को गोली मार दी थी और फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। विदित हो कि पीड़ित अधारताल थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश है जिसके खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने कटरा निवासी फिरौज को दबोच लिया है जबकि उसका साथी फरार है। जिसकी तलाश में टीम बिहार रवाना हुईहै।





# ''वात्सल्य के द्वारा परिवर्तन'' कार्यक्रम के तहत बंदियों से उनके बच्चों की मुलाकात

**जबलपुर,देशबन्धु।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से केन्द्रीय जेल जबलपुर के सुभाष वार्ड प्रांगण मे नवाचार के तहत ''वात्सल्य के द्वारा परिवर्तन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की प्रेरणास्पद उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी, राजीव कर्महे, सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर अग्रवाल एवं स्वप्नश्री सिंह उपसचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जेल प्रशासन के सहयोग से पुरूष एवं महिला बंदियों की उनके बच्चों से मुलाकात कराई गई।

न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला का स्वागत अखिलेश तोमर, जेल अधीक्षक के द्वारा किया गया। राजीव कर्महे, सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम की परिकल्पना एवं परिचय दिया गया। तत्पश्चात् न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला द्वारा अपने शब्दों के माध्यम से बंदियों एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश मोहन उपाध्याय, उपजेल अधीक्षक द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बंदियों एवं उनके बच्चों के बीच में गेम्स भी कराए गए एवं एक दूसरे को ''दुलार की पाती'' गेम के अंतर्गत अपनी भावनाऐं पत्र के रूप में भी बताई गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न एन.जी.ओ. जैसे- जनसाहस संस्था, कैटालिस्ट फॉर सोशल एक्शन, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध रोधी संगठन, अहिंसा अक्षर फाउण्डेशन, कटंगी का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर मदन कमलेश उपजेल अधीक्षक, शिवानी मौर्य सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, सर्वेश चतुर्वेदी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, दिग्विजय सिंह जिला विधिक सहायता अधिकारी अन्य जेल स्टाफ तथा एन.जी.ओ. के वालेंण्टियर की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके साथ ही गांधी जयंती के मौके पर अच्छे आचरण को देखते ही 6 कैदियों को भी रिहा किया गया है।

# धारदार हथियार से हमला तीन गंभीर, गोसलपुर थाना क्षेत्र का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पौड़ी खुर्द अतरिया में उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब अज्ञात हमलावरों ने एक परिवार के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए उक्त घटना के बाद पूरे ग्राम में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सिहोरा एसडीओपी पारुल शर्मा एवं थाना प्रभारी अनिल मिश्रा दलबल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर घायलों स्थिति गंभीर बताई जा रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा भी अस्पताल पहुंचे जहां पर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली जा रही है।

घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी में बताया कि पौड़ी खुर्द अतरिया ग्राम में रात 8:30 बजे के लगभग अज्ञात हमलावर मौके पर पहुंचे और किशन कुमार ठाकुर पत्नी सिया बाई एवं बहू कुसुम बाई के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर उनको गंभीर चोटें पहुंचाने के बाद मौके से फरार हो गए घटना का कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

# अपहरण कर युवक को बेरहमी से पीटा, अधमरी हालत में सड़क पर फेंककर भागे बदमाश



**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल क्षेत्र में देखने को मिला है, जहां पर तीन बदमाशों ने सागर चौधरी नामक युवक अपहरण किया और बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा। युवक जब बेहोश हो गया तो सड़क पर फेंककर भाग गए। युवक ने सोमवार सुबह परिजनों से संपर्क कर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन ने घायल सागर को उठाकर अधारताल थाना लेकर आ गए, जहां पर शिकायत करने के बाद अस्पताल पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि सागर चौधरी नामक युवक के घर तीन बदमाश बाइक से पहुंचे, जिन्होंने बातचीत करने के बहाने सागर को बाहर बुलाया। जैसे ही सागर बाहर आया तो अपहरण कर अपने साथ ले गए, सागर को बंधक बनाकर रात भर बुरी तरह पीटा जब वह बेहोश हो गया तो सड़क पर अधमरी हालत में फेंककर भाग निकले। इधर सागर के रात भर घर न आने से परिजन चितिंत हो गए, उन्होंने अपने स्तर पर सागर की तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार सुबह सागर ने परिजनों से संपर्क किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सागर को उठाकर अधारताल थाना पहुंचाया, जहां पर सागर ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए तीन बदमाशों पर अपहरण कर मारपीट करने का आरोप लगाया। इसके बाद जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने सागर की हालत को देखते हुए भरती कर इलाज शुरु कर दिया। मारपीट में सागर के पूरे शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे। इधर पुलिस ने सागर की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

# कराई कॉम्बिंग गस्त के दौरान 471 वारंटी पकड़े गये

## 12 आरोपियों से 7 चाकू, 3 बका, 2 तलवार बरामद



जबलपुर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के आदेशानुसार विधान सभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुये एवं अपराधों की रोकथाम के लिये अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनाली दुबे तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी।

जिसमें वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 104 गैर म्यादी एवं 156 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 211 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर 256 लीटर कच्ची एव 162 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गई है।

**कई वर्षो से फरार 15 ईनामी बदमाश पुलिस ने दबोचे-**

लार्डगंज थाना में 2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश एसैया मद्रासी पिता मोजिस मद्रासी 50 साल निवासी ईदगाह रानीताल थाना लार्डगंज को तथा थाना बेलबाग में 2-2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश रूपचंद्र पिता बाबूलाल शुक्ला 52 साल निवासी नेपियर टाउन मदनमहल एवं सुशील कुमार पिता निरंजन दास बंगाली निवासी व्हीकल स्टेट रांझी तथा थाना घमापुर के 1 हजार रूपये के ईनामी संतोष चौधरी पिता सुन्दरलाल चौधरी 38 साल निवासी कांचघर झण्डा चौक थाना घमापुर, तथा थाना खमरिया के 2-2 हजार रूपये के ईनामी आरोपी विश्वविजय शर्मा पिता बद्रीनारायण शर्मा निवासी हल्का बाबा मंदिर के पास थाना रांझी को पकड़ा गया है।

# नशीले इंजैक्शन बेचते युवक गिरफ्तार, 20 नग नशीले इंजैक्शन, 10 सिरिंज बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में कुछ माह से नशीले इंजेक्शन की तस्करी का ग्राफ बढ़ गया है। जिसमें नशेड़ी किस्म के लोग इसका प्रयोग ज्यादा कर रहे हैं। जिसकी खपत भी शहर में अधिक होने लगी है। पुलिस आये दिन अपने थाना क्षेत्रों में नशीले इंजेक्शनों के तस्करों को दबोच रही है। साथ ही इंजेक्शन भी जप्त कर रही है। लेकिन इसके कारोबारी लगातार इसमें अपनी संलिप्तता बनाये हुये हैं। इसी कड़ी में गौरीघाट थाना अंतर्गत टैगोर नगर में पुलिस ने एक युवक को नशीले इंजेक्शन बेचते रंगे हाथ दबोचा है। जिससे



इंजेक्शन भी बरामद किये गये हैं। इस संबंध में गौरीघाट थाना प्रभारी नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि टैगोर नगर निवासी पवन बेन चण्डी माता मंदिर के पीछे मैदान में नशीले इंजेक्शन बेच रहा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर टैगोर नगर में दबिश दी। जहां चण्डी माता मंदिर के पास लोगों की भीड़ लगी थी। एक युवक 2 पन्नियां लिये खड़े होकर लोगों को इंजेक्शन बेच रहा था। भीड़ पुलिस को देखकर भाग गयी। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पवन बेन उम्र 20 वर्ष निवासी गनपत का बाड़ा भैरो बाबा मंदिर के पास टैगोर नगर बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को पन्नी में बूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन की 2 एमएल की 10 शीशियां तथा दूसरी पन्नी में 10 शीशियां पेकाविल 10 एमएल की, एवं 10 सीरेन्ज तथा बिक्री के 320 रूपये नगद रखे मिला।

# क्राईस्ट चर्च एलुमिनि एसोसिएशन ने महात्मा गांधी को किया याद



**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रपति महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में क्राईस्ट चर्च स्कूल एलुमिनि एसोसिएशन के सिविल लाईन कार्यालय में उनके सदस्य द्वारा राष्ट्रपिता के महान त्याग और उनके बलिदान को स्मरण करते हुए एक प्रदर्शनी आयोजित की गई एवं स्वच्छता की शपथ उपस्थित सदस्यों द्वारा ली गई। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी मूर्ति, 1930 का अखबार जिसमें दांडी मार्च की फोटो एवं लेख का वर्णन किया गया। जैसे चश्मे, खड़ाऊ,, सिक्के, तीन बंदर वाला टोकन, कॉपर प्लेट जिसमें दांडी मार्च का चित्र प्रदर्शित किया गया। हरिजन मैगजीन, पुराने जमाने के पॉकैट वाच, चरखा प्रदर्शित किया गया जिसमें लोगों में जाग्रति की लहर दौड़ सके। प्रेसिडेंट यतीन पटेल, प्रदीप जैन, प्रदीप नायडू, डॉली भाटिया, अतुल शाह, करूणा खन्ना, सत्यनारायण सैन, रक्षा श्रीवास्तव, डॉ.दीपचंद श्रीवास्तव, प्रवीण मल्होत्रा, राजकुमार भाटिया, शुभांगी श्रीवास्तव, उषा खन्ना, टिवंकल श्रीवास्तव, रोहित खन्ना एवं मोहन तामशकर आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव रोहित खन्ना द्वारा दी गई।

## महात्मा एवं शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित

**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर म.प्र. कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा टाउन हाफ स्थित गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों का अनुशरण करने का संकल्प लिया ।



## किड्स फाउन्डेशन स्कूल में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर,देशबन्धु।** एच आइ जी - आनंद नगर आधारताल में, 7 स्थित किड्स फाउन्डेशन स्कूल में सोमवार, गांधी जयंती के एतिहासिक दिन पर सभी छात्र-छा व उनके अभिभाषकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का उद्घाटन हॉजी एल क्षत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्या शेख रियाज़ मोहम्मद के द्वारा किया गया। इस दौरान चिकित्सको को फूलो का गुलदस्ता एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर मे शिशु रोग विशेषज्ञ डा जेएल क्षेत्री रोग विशेषज्ञ डॉ नूर सना अंसारी नेत्र रोग फ..में आए 200 छात्र छात्राओ का शिविर में और उनके जाँच की।

# पुराने फाईल नंबर के आधार पर नये सिरे से जारी करो पासपोर्ट

## आवेदक को हाईकोर्ट से राहत, एसपी व एसएचओं पर दस हजार की कॉस्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अपराधिक मामले की सही जानकारी न मिलने के कारण आवेदक को हुई परेशानी को गंभीरता से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाकल की एकलपीठ ने संबंधित ट्रायल कोर्ट व अभियोजन अधिकारी की गलती के कारण आवेदक को परेशानी हुई। जिस पर न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर व कोतवाली एसएचओं पर दस हजार रुपये की कॉस्ट अधिरोपित की। उक्त राशि याचिकाकर्ता को भुगतान किये जाने के निर्देश न्यायालय ने दिये है। साथ ही पासपोर्ट कार्यालय भोपाल को कहा है कि वह पुराने फाइल नंबर के आधार पर ऑनलाईन प्रकिया के बाद नये सिरे से पासपोर्ट जारी करे।

यह मामला जबलपुर निवासी मृदुल कुमार जेन की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि उन्होंने पासपोर्ट नवीनीकरण के लिये आवेदन किया था। पासपोर्ट कार्यालय एक पत्र भेजा जिसमें कहा गया कि उन्होंने वर्ष 2006 में दर्ज एक अपराधिक मामले की जानकारी छिपाई है। मामले में आवेदक की ओर से कहा गया कि यह जिम्मेदारी संबंधित थाना पुलिस की थी कि वह पासपोर्ट कार्यालय को बताया कि उक्त अपराधिक प्रकरण समाप्त हो चुका है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में संबंधित न्यायालयसे जानकारी चाही थी, लेकिन वह उसे उपलब्ध नहीं हो सकी। वहीं पूर्व आदेश पर जिला न्यायालय के रजिस्ट्रार ने बताया कि समझौते के आधार पर उक्त प्रकरण का निराकरण हो चुका है और उसका रिकार्ड भी नष्ट कर दिया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।




## आवेदन के बाद स्थानातंरण के खिलाफ दायर याचिका खारिज

### हाईकोर्ट ने लगाई 20 हजार रुपये की कॉस्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने स्थानातंरण के खिलाफ दायर याचिका खारिज करदी है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया को सुनवाई दौरान बताया गया कि आवेदक ने खुद ही स्थानातंरण के लिये आवेदन दिया, उसके बाद यह याचिका दायर कर दी। एकलपीठ ने तथ्य छिपाने के मामले को आड़े हाथों लेते हुए आवेदक पर 20 हजार रुपये की कॉस्ट लगा दी। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि यदि 15 दिनों में कास्ट की राशि जमा नहीं की गई तो याचिकाकर्ता के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जायेगी।

यह मामला जिला डिंडौरी के अमरपुर जनपद पंचायत में संविदा सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ मुन्ना लाल जाधव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें उन्होंने हरदा जिले किये गये अपने स्थानातंरण को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई दौरान एकलपीठ को बताया गया कि याचिकाकर्ता ने खरगौन, खंडवा तथा हरदा जिले में स्थानांतरण करने का आवेदन किया था। याचिकाकर्ता की प्रथम प्राथमिकता खरगौन जिला थी। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण उनका स्थानातंरण हरदा जिले में किया गया। शासन की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचिकाकर्ता ने उक्त तथ्य छिपाकर याचिका दायर की है। इसके अलावा याचिकाकर्ता के शपथ-पत्र तथा वकालतनामा में अलग-अलग हस्ताक्षर है। याचिकाकर्ता की ओर से स्वीकार किया गया कि शपथ-पत्र तथा वकालतनामा में उसके अलग-अलग हस्ताक्षर है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका खारिज करते हुए उक्त आदेश जारी किये।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से पावर जनरेटिंग कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत मिली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आवेदकों को वेतनवृद्धि का लाभ देने के निर्देश दिये है। यह मामले जबलपुर निवासी पावर जनरेटिंग कंपनी से सेवानिवृत्त लखन सिंह राजपूत व अन्य की ओर से दायर किये गये है। जिनकी ओर से कहा गया कि छठवें वेतन पुनर्निरीक्षण के नियमानुसार एक जुलाई को सेवा में रहने पर वार्षिक वेतनवृद्धि देय होती है, लेकिन याचिकाकर्ताओं ने 30 जून को ही सेवा पूरी कर ली थी। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त, 2023 को फैसला देते हुए कहा कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के तहत याचिकाकर्ताओं को लाभ देने के निर्देश दिए।

# गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, निकाली वाहन रैली

## कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधी जयंती 2 अक्टूबर के शुभ अवसर पर गांधीग्राम के बाजार स्थल पर स्थापित विशाल गांधीजी की प्रतिमा पर ग्राम पंचायत गांधीग्राम की सरपंच राधा विवेक चौरसिया एवं जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी एवं ग्राम के मोहन लाल चौरसिया एवं वरिष्ठ एवं बुजुर्गों के द्वारा गांधी प्रतिमा के पास एकत्रित होकर गांधी जी की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जबलपुर से पधारे गणमान्य नागरिक शिवदत्त मिश्र द्वारा गांधी जी की कथा का वाचन किया। ग्राम की नवयुवकों द्वारा हाथ में राष्ट्रीय तिरंगा लेकर गांधीग्राम बाजार स्थल से बस स्टैंड, बरिया धाम, बंजारी माता होते हुए ग्राम के मुख्य मार्ग में भ्रमण कर विशाल वाहन रैली निकाली गई।

वरिष्ठजनों का किया सम्मान- ग्राम की वरिष्ठ जनों के सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलेश जैन एवं ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल द्वारा ग्राम के लगभग 50 बुजुर्गों एवं वरिष्ठ जनों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलेश जैन ने कहा कि गांधीजी की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें एकजुट रहकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलना है। ये रहे उपस्थित-मोहनलाल चौरसिया, पंचायत सचिव अनिल दत्त तिवारी,उप सरपंच राजकुमार कोल ,पंच चंदा रामस्वरूप चौहटेल, राजेश त्रिपाठी, गड़ारी चौरसिया,गणेश प्रसाद, जुगल किशोर त्रिपाठी, किशन लाल असाटी, जगन्नाथ सिंह राठौर,राम भगत चौरसिया, हरि चौरसिया ,राम विशाल चौरसिया, मिलन विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, सुरेश दाहिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# विकासखंड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य मेले में 1843 मरीज ने कराई जांच

**पनागर, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विकास खंड पनागर में आयुष्मान भवः कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील कुमार तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य एवं डा संजय मिश्रा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डा जया श्रीवास्तव , डा विनीता उप्पल ज़िला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, के विशिष्ट अतिथय में किया गया। उक्त शिविर में डॉ. संजय जैन, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्ग दर्शन में जिले से आए चिकित्सा अधिकारी भेषज रोग विशेषज्ञ,अस्थि रोग विशेषज्ञ,नेंत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ,शल्य रोग विशेषज्ञ मानसिक रोग विशेषज्ञ, द्वारा 1843 मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार किया गया। एवं चिह्नित गंभीर मरीजों को उच्च संस्था में रेफर किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीपीएमयू इकाई, समस्त मैदानी स्वास्थ्य अधिकारी, कमचारियों एवं संस्था के समस्त पैरा मेडिकल व नॉन पैरामेडिकल अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।




## गंभीर मरीजों को उच्च संस्था में किया रेफर

### सार-समाचार



## रिछाई पंचायत में चलाया स्वच्छता अभियान

**बरेला, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया जिसमें सरपंच आशीष शुक्ला उप सरपंच गणेश जी सौरभ सुन ले रे सचिन रिंकू शुक्ला जगदीश चेतू रजक जेठालाल झरिया सोहन सिंह गुड्डा जगन नोनीलाल स्वच्छता के कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूल प्रांगण में पंचायत भवन में सफाई कर किया गया।

## कुंडेश्वर कला केंद्र ने कुंडम ग्राम में किया ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडेश्वर कला केंद्र ने कुंडम ग्राम में पहली बार ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया कुंडेश्वर धाम कुंडी में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई यह प्रतियोगिता पहली से छठवीं में प्रथम स्थान कान्हा झरिया दूसरा स्थान आदित्य झरिया एवं तीसरा स्थान सुप्रिया झरिया चौथा स्थान हरि ओम साहू एवं पांचवा स्थान अंशिका महोबिया ने प्राप्त किया एवं कक्षा सातवीं से 12वीं में पहला स्थान ममता चक्रवर्ती दूसरा स्थान हर्षिता पट्टा तीसरा स्थान जयश्री बर्मन चौथा स्थान विकास पट्टा एवं पांचवा स्थान सोनम बर्मन ने प्राप्त किया बच्चों में बहुत उत्साह था सभी बच्चों को कुंडेश्वर कला केंद्र द्वारा अनेक अनेक प्रकार के उपहार बांटे गए इस कार्यक्रम में कुंडेश्वर कला केंद्र द्वारा कुंडम ग्राम के सभी कलाकारों का सम्मान किया गया साथ ही कुंडेश्वर कला केंद्र का शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम में संतोष मिश्रा जी निर्मला मिश्रा जी कमलेश साहू जी राकेश महोबिया, अनुराग मिश्रा जी पिंकू तिवारी प्रखर पांडे अमित बर्मन मिथुन प्रजापति संस्कार मिश्रा सतीश प्रजापति अभिषेक चंदेले सचिन साहू जितेश साहू राजा कुशवाहा शिवा नामदेव एवं निखिल मिश्रा सभी उपस्थित थे।

## विधायक नंदनी मरावी ने किया कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बेलधनी बोर्ड मप्र के अध्यक्ष रविकिरण साहू का स्वागत



**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम सिहोरा विधायक नंदनी मरावी एवं संतोष सिंह बडकड़े जिला अध्यक्ष द्वारा बघराजी साहू समाज के कार्यक्रम में रवि किरण साहू कैबिनेट मंत्री दर्जा बेलधनी बोर्ड मध्य प्रदेश के आगमन पर विधायक के द्वारा स्वागत किया गया इसी शुभ अवसर पर सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी ने शिरोमणि कर्मा देवी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए एवं कुंडम साहू समाज कर्मा देवी सामुदायिक के लिए पांच-पांच लाख रुपया की राशि देने की घोषणा की इस शुभ अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू डॉ रविंद्र चपुरिया सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी दिनेश साहू विजय साहू संदीप साहू सुखदेव साहू डॉक्टर शंकर साहू बंटी पाठक उमेश पटेल और साहू समाज द्वारा सभी ने माननीय रवि किरण का बैंड बाजा गजा के साथ तिलक पुष्प माला श्रीफल साल से स्वागत किया गया।

# महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**सिहोरा, देशबन्धु।** 2 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटैल सिहोरा के संयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मंगल भवन सिहोरा में मनाई गई जिसमें सुरेंद्र मिश्रा प्रकाश कुररिया पार्षद राजेश चौबे रमेश पटेल श्रीमती ममता गोटिया पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बाबा कुरैशी घनश्याम बड़गैया अमोल चौरसिया गोलू पांडे सोशल मीडिया प्रभारी रिंकू शर्मा सौरभ रजक पूर्व पार्षद मंसूर मंसूरी राजेश पटेल गणेश दहिया विजयंत साहू रामलोचन कोल शंभू कोल पूर्व पार्षद रुक्मणी गोटिया डॉक्टर संजीव बरकड़े एडवोकेट कमलेश सोनी अशोक गोटिया फैज आलम शाह मनीष खंपरिया, शेख साबिर दिलीप जैन डब्बू पाठक गिरधर सरावगी दीपक तिवारी भूरा ज्योतिषी आशीष पटेल जगदीश सैनी मोहन शुक्ला राजकुमार पटेल जितेंद्र तिवारी जमीला बानो युसूफ खान सत्येंद्र पटेल रंग महाराज सुभाष ठाकुर गुलाब मरकाम आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# गांधी जयंती के शुभ अवसर पर निकली रैली



**बरेला, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ भारत सुन्दर भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत बरेला के एल सोनकर इंग्लिश मीडियम स्कूल में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बरेला नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे पार्षद दिनेश सिंह पटेल, पार्षद दीपेश पटेल एवं पूर्व पार्षद चंदन सिंह पटेल तथा स्काउट गाइड प्रभारी शाहिद सर श्रद्धा पटेल एवं शाला प्रधानाचार्य मदन कुमार साहू तथा पुष्पा भाट् स्वाति पांडे एवं स्काउट गाइड के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में नगर के जनप्रतिनिधियों एवम शाला प्रधानाचार्य तथा छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण एवं सड़क पर स्वच्छता का कार्य किया गया तत्पश्चात स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए स्वच्छता रैली का अयोजन किया गया जिसका समापन गांधी चौक पर महात्मा गांधी जी के पूजन अर्चन पश्चात हुआ।

# यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के स्काउड गाइड ने मनाई गांधी-शास्त्री की जयंती

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज 2 अक्टूबर को यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर में भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर द्वारा सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड नियमानुसार सभी धर्मों की प्रार्थना पश्चात् नेशनल हेडक्वार्टर पचमढ़ी में क्लाइमेट चेंज वर्कशॉप प्रशिक्षित रोवर दल जबलपुर को प्रशस्ति पत्र मुख्य आयुक्त श्री अजय तिवारी द्वारा दिए गए,साथ ही डीओसी गाइड श्री मती प्रतिभा दुबे को नेशनल हेड क्वार्टर दिल्ली के प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। प्रार्थना पश्चात् अधारताल क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें महात्मा गांधी अमर रहे,लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे,जय जवान जय किसान, राष्ट्रीय एकता अमर रहे, हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब है भाई भाई के नारों से स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने हाथ में स्वच्छता संदेश के बैनर पोस्टर एवं लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जी के चित्र प्रदर्शित किये इस अवसर पर संस्था प्राचार्य सोनल तिवारी, श्री मती वर्षा झारिया, राहुल राजपूत, शुभांगी शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं, सरस्वती स्कूल से डीटीसी जेपी पांडे सेन्ट जेवियर्स स्कूल से डीटीसी संजय आनंद साहू सर, सेन्ट अलायसियस स्कूल से अंजना वर्मा, गुरुनानक स्कूल से दीपा तिवारी, स्मिता चिल्ड्रन स्कूल से स्काउट मास्टर लेखराम सर,के एल सोनकर स्कूल बरेला ब्लाक से स्काउट मास्टर साहिल खान, गाइड श्रद्धा पटेल स्टाफ एवं बच्चों को यूनिफॉर्म में लेकर कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम का संचालन डॉ विजयकांत तिवारी हेडक्वार्टर कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड एवं आभार जिला सचिव महोदय श्री डी के भट्ट जी ने किया।




# जिला की मांग को लेकर मशाल जुलूस आज

**सिहोरा, देशबन्धु।** पिछले दो वर्षों से सिहोरा जिला की मांग कर रही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने आंदोलन के दो वर्ष पूर्ण होने और सरकार द्वारा कोई भी सुध न लेने के चलते आक्रोश स्वरूप आज 3 अक्तूबर को विशाल मशाल जुलूस निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त करने की घोषणा की है। विदित हो कि आज से 2 वर्ष पूर्व 3 अक्टूबर 2021 को समिति द्वारा जिला आंदोलन की शुरुआत की गई थी। तत्संबंध में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के ऋषभ द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लोकतंत्र के अपमान का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि जब सिहोरा की जनता द्वारा विगत दो वर्षों से लगातार किसी मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा हो और सत्ता में बैठे पार्टी के विधायक और मुख्यमंत्री द्वारा उस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा हो। आक्रोश स्वरूप आज मंगलवार को शाम सात बजे से सिहोरा में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। समिति के विकास दुबे, सुशील जैन ,अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, मानस तिवारी, अमित बख्शी,रमाशंकर चौरसिया,राम जी शुक्ला,अजय विश्वकर्मा,नत्थू पटेल ने सिहोरा वासियों से अपील की कि वे शाम 7 बजे इतने अधिक संख्या में इकट्ठे हो की मशाले कम पड़ जाए।

**आज प्रेसवार्ता**- समिति के संतोष पांडे, अमित बक्शी,प्रदीप दुबे,राजभान मिश्रा,कान्हा पांडे ने बताया कि आगामी 4 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे से एक प्रेस वार्ता समिति द्वारा आयोजित की जाएगी।


# जिला की मांग को लेकर मशाल जुलूस आज

**सिहोरा, देशबन्धु।** पिछले दो वर्षों से सिहोरा जिला की मांग कर रही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने आंदोलन के दो वर्ष पूर्ण होने और सरकार द्वारा कोई भी सुध न लेने के चलते आक्रोश स्वरूप आज 3 अक्तूबर को विशाल मशाल जुलूस निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त करने की घोषणा की है। विदित हो कि आज से 2 वर्ष पूर्व 3 अक्टूबर 2021 को समिति द्वारा जिला आंदोलन की शुरुआत की गई थी। तत्संबंध में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के ऋषभ द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लोकतंत्र के अपमान का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि जब सिहोरा की जनता द्वारा विगत दो वर्षों से लगातार किसी मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा हो।। आक्रोश स्वरूप आज मंगलवार को शाम सात बजे से सिहोरा में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा।


# पाटन न्यायालय में बापू व शास्त्री का जन्मोत्सव सेवा दिवस के रूप में मनाया

## सत्र न्यायाधीश व सिविल न्यायाधीश ने लगाई झाड़ू

**पाटन देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल न्यायालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बापू का जन्म उत्सव न्यायालय परिसर में सेवा दिवस के रूप में बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया इसके अलावा लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म उत्सव भी मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर सत्र न्यायालय में बापू की प्रतिमा पर सर्वप्रथम माल्यार्पण के उपरांत दीप प्रज्वलित किए गए। उसके पश्चात सत्र न्यायाधीश श्री विवेक कुमार, सिविल न्यायालय के न्यायाधीश श्री दशरथ सिंह भिड़े, श्री रवि कुमार साहू, श्रीमति रितिका शर्मा जी, श्रीमति उजाला झा जी एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, हरिनारायण पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता बंधु एवं न्यायालय स्टाप ने सिविल न्यायालय में झाड़ू लगा कर बापू की जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाया वही विवेक कुमार जी के द्वारा न्यायालय के सफाई कर्मचारी, कोर्ट के स्टाफ बलराम का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।




सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 118 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 122 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 112 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 112 |

मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-

FUKREY-3: 10:00 AM, 12:45 PM, 02:15 PM, 03:30 PM, 05:00 PM, 07:00 PM, 08:00 PM, 09:30 PM, 10:45 PM
JAWAN: 10:00 AM, 01:00 PM, 04:15 PM, 06:30 PM, 07:30 PM, 10:30 PM
THE VACCINE WAR: 10:15 AM, 04:00 PM, 10:00 PM
THE NUN II: 09:30 AM, 12:00 PM
CHANDRMUKHI 2: 01:00 PM

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
Arthritis Sciatica Spondylitis Backache Muscular Pain Sprains Strains Headache Myositis
100% Ayurvedic PAIN KILL OIL Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ
9826035091

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 25 लोगों को अगवा किया

अबुजा। नाइजीरिया में दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओन्डो के ओसे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक स्थानीय चर्च के गायक मंडल के कम से कम 25 सदस्यों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ओन्डो में पुलिस के प्रवक्ता ओलुफुनमिलायो ओडुनलामी-ओमिसन्या ने शुक्रवार को घटित हुई घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ितों को बचाने और अपराध में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के अपहरण विरोधी दस्ते और अन्य सामरिक टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# ब्रिटेन में नर्सों ने सिख मरीज की दाढ़ी को दस्तानों से बांधा, भूखा रखा

**लंदन, (आईएएनएस)।** नर्सों ने एक सिख मरीज की दाढ़ी को प्लास्टिक के दस्तानों से बांध दिया, उसे उसके ही पेशाब में छोड़ दिया और उसे वह खाना दिया, जो वह धार्मिक कारणों से नहीं खा सकता था। यह दावा यूके के शीर्ष नर्सिंग वॉचडॉग के एक वरिष्ठ व्हिसलब्लोअर ने किया है। नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल (एनएमसी) की ओर से द इंडिपेंडेंट को लीक किए गए एक डोजियर में कहा गया कि सिख व्यक्ति ने एक नोट में भेदभाव की शिकायत करने के बावजूद इन नर्सों को काम करने की अनुमति दी थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नर्सिंग नियामक संस्था 15 वर्षों से अपने रैंकों में संस्थागत नस्लवाद का समाधान करने में विफल रहा है, जिसने एनएमसी कर्मचारियों को भेदभावपूर्ण विचारों के आधार पर असंगत मार्गदर्शन लागू करने पर अनियंत्रित होने की अनुमति दी है। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, सिख मरीज के परिवार को उसकी पगड़ी फर्श पर पड़ी मिली और उसकी दाढ़ी रबर के दस्तानों से बंधी हुई थी। साथ ही बताया गया कि उसका मामला, जिसे शुरू में एनएमसी की स्क्रीनिंग टीम ने बंद कर दिया था, अब फिर से मूल्यांकन किया जा रहा है।

एक सूत्र ने बताया कि जांच को आगे बढ़ाने या न करने का निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार एनएमसी स्टाफ के सदस्य मरीज द्वारा छोड़े गए और उसकी मृत्यु के बाद उसके परिवार द्वारा खोजे गए नोट के जवाबों पर ठीक से विचार करने में विफल रहे। पंजाबी में लिखे नोट में दावा किया गया है कि नर्सों ने उस पर हंसा था, उसे भूखा रखा था और उसकी कॉल बेल का जवाब नहीं दिया, इससे वह गीला हो गया और अपने ही पेशाब में गिर गया। एनएमसी के भीतर खतरनाक नस्लवाद के दावे पहली बार 2008 में उठाए गए थे। दस्तावेजों से पता चलता है कि कैसे काले और जातीय अल्पसंख्यक कर्मचारियों को डर है कि अगर वे नस्लवाद के बारे में बोलेंगे, तो वे बेनकाब हो जाएंगे। दस्तावेज़ों से पता चला, वॉचडॉग के भीतर भय की संस्कृति के कारण कर्मचारी नर्सिंग नियामक को अपनी चिंताओं को रिपोर्ट करने से डरते हैं।

एनएमसी पर रक्षात्मक होने और अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए, व्हिसलब्लोअर ने दावा किया कि वॉचडॉग के भीतर गहरा विषाक्त आचरण विपरीत और विफल जांच का कारण बन रहा है। नर्स लेटबी को इस साल सात नवजात शिशुओं की हत्या करने और छह अन्य को मारने का प्रयास करने के लिए सजा सुनाई गई थी।

जून 2015 और जून 2016 के बीच उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल की नवजात इकाई में बच्चों की मौत के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। नियामक ने काले लोगों के खिलाफ आचरण के मामलों में नस्लीय पूर्वाग्रह का आरोप लगाने वाले खुलासे पर एक जांच शुरू की है। नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल (एनएमसी) के मुख्य कार्यकारी और रजिस्ट्रार एंड्रिया सटक्लिफ ने द इंडिपेंडेंट से कहा, मुझे बहुत खेद है कि एनएमसी में किसी को नस्लवाद का सामना करना पड़ा है । मैं चाहता हूं कि एनएमसी एक नस्लवाद-विरोधी संगठन बने और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें एक लंबा रास्ता तय करना है।

## आज का इतिहास

1735 – फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1831 – मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया।
1880 – पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया।
1915 – नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया।
1932 – इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
1977 – पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
1978 – कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
1984 – भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी।
1992 – गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
1994 – भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
1995 – चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति।

## भ्रष्टाचार के आरोप में दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निलंबित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने रविवार को एक पुलिस उपाधीक्षक सहित दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया जिन्हें पिछले सप्ताह भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। निलंबित अधिकारियों में सहायक पुलिस अधीक्षक बडगाम गौहर अहमद खान और पुलिस उपाधीक्षक आदिल मुश्ताक शामिल हैं, जिन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में 21 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आदिल मुश्ताक मामले की जांच के लिए दक्षिण शहर के पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।

## बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, दो लोग बचे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बीच सड़क पर एक इलेक्ट्रिक कार में अचानक आग लग गई। इस घटना में यात्रा कर रहे दो लोग बाल-बाल बचे। आग लगने से इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों की चिंता बढ़ गई है। यह घटना डालमिया सर्कल के जेपी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस ने कहा कि दो दोस्त कार में यात्रा कर रहे थे और अचानक वाहन में तकनीकी खराबी आने लगी और धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। कार के अंदर मौजूद दोनों दोस्त सही समय पर बाहर कूद गए। कुछ ही देर में वाहन जलकर खाक हो गया।

## बीआरएस नेता कासिरेड्डी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधान परिषद सदस्य कासिरेड्डी नारायण रेड्डी ने कांग्रेस में शामिल होने का इरादा व्यक्त करते हुए रविवार को पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। नारायण रेड्डीने रविवार सुबह अपने आवास पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष , सांसद एन. रावेंथा रेड्डी, के साथ बैठक की और उसके बाद अपना औपचारिक त्याग पत्र जारी किया। उन्होंने अपने बयान में कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को पार्टी की छह गारंटियों में उनके विश्वास का परिणाम बताया। इन गारंटियों के बारे में उनका मानना है कि इससे वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

## ओडिशा एसटीएफ ने दो फरार ड्रग तस्करों को पकड़ा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की विशेष टास्क फोर्स ने खुफिया सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान दो फरार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि पिछले 29 सितम्बर को खोरधा में एसटीएफ व बीबीएसआर की एक टीम ने छापेमारी की थी और फरार ड्रग तस्कर मोहम्मद सदाम को 2022 के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## तुर्की ने कुर्द विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले किए शुरू

**अंकारा, (आईएएनएस)।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले किए और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 20 ठिकानों को नष्ट कर दिया। देश के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। सैन्य अभियान रविवार सुबह दो हमलावरों द्वारा राजधानी अंकारा में तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास करने के बाद शुरू हुआ, जिसमें दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। आत्मघाती बम विस्फोट करने के बाद एक हमलावर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी।

# जिम्बाब्वे विमान दुर्घटना में भारतीय व्यवसायी, बेटे सहित छह की मौत

**हरारे, (आईएएनएस)।** जिम्बाब्वे में सोना, हीरे और कोयला खनन में रुचि रखने वाले भारतीय अरबपति और उनका बेटा उन छह व्यक्तियों में शामिल थे, जिनकी विमान दुर्घटना में जान चली गई। सरकारी संडे टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत खनन और धातुकर्म कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के ज़्वामांडे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे।

पुलिस ने कहा, जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे हरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं। रंधावा 4 बिलियन डॉलर की निजी इक्विटी फर्म जीईएम होल्डिंग्स के संस्थापक भी हैं। पत्रकार और फिल्म निर्माता होपवेल चिनोनो ने कहा कि वह रंधावा के निधन से दुखी हैं। चिनोनो, जो 2017 में एक पारस्परिक मित्र के माध्यम से रंधावा से मिले थे, ने एक्स पर लिखा था, वह बहुत उदार व्यक्ति थे और काफी विनम्र थे। उनके माध्यम से मैं व्यापारिक, राजनयिक और राजनीतिक जगत के कई लोगों से मिला।

## सुडोकू 6335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प

**अंकारा, (आईएएनएस)।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संसद के नए कार्यकाल में एक नया संविधान बनाने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एर्दोगन ने संसद के नए विधायी वर्ष के उद्घाटन समारोह में एक भाषण में कहा, अब हमारे सामने एक नया कार्य और एक नया अवसर है।

इसका उद्देश्य हमारे देश को एक नया और नागरिक संविधान देना है। उन्होंने कहा, हम सभी दलों, सभी सांसदों (संसद के सदस्यों), सभी सामाजिक वर्गों और इस मुद्दे पर अपनी राय और प्रस्ताव रखने वाले सभी लोगों को रचनात्मक समझ के साथ एक नए संविधान के आह्वान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। एर्दोगन ने कहा कि उनकी सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए सभी प्रकार के समझौतों के लिए तैयार है, और वे अन्य राजनीतिक अभिनेताओं से भी इसी तरह के रचनात्मक दृष्टिकोण की उम्मीद करते हैं। एर्दोगन वर्तमान संविधान के स्थान पर एक नए संविधान पर जोर दे रहे हैं। पुराना संविधान 1982 में अनुमोदित किया गया था और तब से इसमें 19 बार संशोधन किया गया है। 2017 में अंतिम संशोधन ने राष्ट्रपति प्रणाली की शुरुआत की और संसदीय प्रणाली को समाप्त कर दिया।

2003 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से एर्दोगन देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वह 2017 में एक संवैधानिक जनमत संग्रह के बाद 2018 में तुर्की के पहले कार्यकारी राष्ट्रपति बने, जिसने तुर्की संसदीय प्रणाली को राष्ट्रपति प्रणाली में बदल दिया। मई में एर्दोगन को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना गया था। सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) पिछले साल से एक मसौदा चार्टर पर काम कर रही है।

## वर्ग पहेली 6335



**बायें से दायें:-**

१. सम्मोहित
३. गणेश
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३.आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५. अल्पवयस्क, मासूम, निर्दोष
९. हठात्
१०. तहकीकात
११. सौर-मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाक़ाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी, संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेत-बाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

# ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा घोटालों पर कड़ी कार्रवाई की घोषणा की

**कैनबरा, ।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा घोटालों पर कड़ी कार्रवाई की घोषणा की।, शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर, कौशल मंत्री ब्रेंडन ओ कॉनर और गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओनील ने ऑस्ट्रेलिया के आकर्षक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा उद्योग की अखंडता को बढ़ावा देने के लिए तत्काल कार्रवाई को हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया की वीजा प्रणाली के शोषण की सरकार द्वारा गठित त्वरित समीक्षा के बाद, सरकार प्रणाली में व्यापक गड़बड़ी को रोकने के लिए नियमों को मजबूत करेगी। कार्रवाई के तहत, निजी कॉलेजों को प्रतिद्वंद्वी संस्थानों से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए शिक्षा एजेंटों को कमीशन का भुगतान करने से प्रतिबंधित किया जाएगा ताकि एजेंटों को उच्च गुणवत्ता वाले विश्वविद्यालयों से कम शुल्क वाले पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को लुभाने से रोका जा सके।

सरकार प्रवासियों को केवल ऑस्ट्रेलिया में काम करने के उद्देश्य से छात्र वीजा का उपयोग करने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्र उपस्थिति की निगरानी भी शुरू करेगी। डेली न्यूजपेपर ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में छात्र वीजा धारकों की संख्या जून के अंत में 660,765 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो 2023 की शुरुआत से 203,000 की वृद्धि है।

सितंबर में शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से पता चला कि कैलेंडर वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा का मूल्य 26.6 बिलियन आस्ट्रेलियन डॉलर (17 बिलियन डॉलर) था, जिससे यह कोयला, लौह अयस्क और प्राकृतिक गैस के बाद देश का चौथा सबसे बड़ा निर्यात बन गया।

## सऊदी अरब ने की स्वीडन में कुरान जलाने की निंदा

**रियाद।** सऊदी अरब ने स्वीडिश शहर माल्मो में इस्लामी पवित्र पुस्तक कुरान की प्रति को जलाने की कड़ी निंदा की है। उसका कहना है कि यह कदम स्थानीय अधिकारियों की जानकारी में उठाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से बताया कि सऊदी विदेश मंत्रालय ने रविवार को ऐसे अपमानजनक कृत्यों को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह के कदम ने दुनिया भर में लाखों मुसलमानों की भावनाओं को भड़काया है।

मंत्रालय ने स्वीडिश अधिकारियों से कुरान के अपमान को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## वर्ग पहेली-6334



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**योजना** *मध्य प्रदेश में लाड़ली बहनों के लिए खुशखबरी*

# लाभार्थी बहनों के खाते में आएगी 1250 रुपए की धनराशि

**भोपाल, (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध केंद्र सरकार ने जहां एक ओर नारी शक्ति वंदन कानून बनाया, वहीं राज्य सरकार महिला हितकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर रही है। डबल इंजन की मप्र सरकार ने इसी क्रम में बहुचर्चित लाड़ली बहना योजना की धनराशि बढ़ाने की**

घोषणा की है। तीन अक्टूबर से लाभार्थी बहनों के खाते मे एक हजार नहीं बल्कि 1250 रुपए की धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। जल्द ही राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना की इस लाभ राशि को तीन हजार रुपए करने की योजना बना रही है।

योजना से मध्य प्रदेश की 1.31 करोड़ बहनें लाभान्वित होगीं। कुछ समय पहले ही सरकार ने योजना के दायरे में अविवाहित बहनों को भी शामिल किया, जिससे लाड़ली बहना योजना का



■ योजना से 1.31 करोड़ बहनें लाभान्वित होगीं

परिवार और भी विस्तृत हो गया है। मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त करने के अपने वायदे के हर मोर्चे पर खुद को साबित कर रही है। महिला की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करते हुए अब लाड़ली बहना योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाया जा रहा है। तीन अक्टूबर से लाभार्थी बहनों के खाते में 1250 रुपए जमा किए जाएंगे। इस धनराशि से बहनें अपनी रोजमर्रा की छोटी बड़ी जरूरतों को खुद पूरा कर सकेंगी। उन्हें किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा।

कुछ समय पहले तक इस योजना में केवल विवाहित, तलाकशुदा या परित्यक्ता या पति द्वारा छोड़ी गई बहनों को ही शामिल किया गया था, लेकिन अब 21 साल की अविवाहित बहनें भी योजना के लिए आवेदन कर सकती हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से अब तक 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं।

पिछले तीन माह में 3600 करोड़ रुपए की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। योजना का दायरा बढ़ने से लाड़ली बहना का परिवार अब 1.31 करोड़ बहनों का हो गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज ने जब इस योजना की घोषणा की थी तब उन्होंने हर महीने 1000 देने का वादा किया था और इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने एक दूसरी घोषणा करते हुए कहा था कि हम 1000 रुपए पर नहीं रुकेंगे इसे धीरे-धीरे 3000 रुपए महीना पर ले जाएंगे। हाल ही में सीएम शिवराज ने अपना वादा निभाते हुए रक्षाबंधन पर राशि में 250 रुपए की बढ़ोतरी की थी, इसके लिए राखी से पहले 27 अगस्त को बहनों के खातों में 250 रुपए ट्रांसफर कर दिए थे और फिर 10 सितम्बर को 1000 रुपए जारी किए थे, लेकिन अब अक्टूबर से हर महीने बहनों के खाते में 1250 रुपए आएंगे।

इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। योजना में विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूट गए परिवारों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में अपना आवास मिलेगा।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप में विराट करेंगे रनों की बौछार: वीरेंद्र सहवाग



**नई दिल्ली**, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उम्मीद है कि विराट कोहली विश्व कप में कई सारे शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट के हाईएस्ट रन-स्कोरर बनेंगे। 2011, 2015 और 2019 के बाद विराट कोहली अपने चौथे वनडे विश्व कप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2019 विश्व कप में कोहली ने 9 पारियों में 55.37 की औसत से 443 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, 'चीकू (विराट कोहली) ने 2019 विश्व कप में एक भी शतक नहीं बनाया। इस साल मुझे उम्मीद है कि वह कई शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होंगे। उम्मीद है कि भारत वर्ल्ड कप जीते और फिर, मैं चाहता हूं कि उसे कंधों पर उठाया जाए और मैदान का एक चक्कर लगाया जाए। ठीक वैसे ही जैस सचिन तेंदुलकर के समय किया गया था।' 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि कोहली और कप्तान रोहित शर्मा आगामी टूर्नामेंट जीतने के हकदार हैं।

## भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को हरा जीत के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली**। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय और गुरजंट सिंह के परस्पर तालमेल वाले खेल तथा मध्य पंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद व नीलकांत शर्मा द्वारा बराबर आगे गेंद बढ़ाई गेंद पर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत ने बराबर पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के मैदानी गोल के भी खूब मौके बनाने के साथ भुनाए भी। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिह की हैट्रिक, अभिषेक के दो बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को सोमवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों मे अपने पांचवें व अंतिम मैच में 12-0 से हरा कर जीत के साथ 'पंजे' के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, गुरजंट सिंह, आक्रामक मिडफील्डर नीलकांत ने भी एक मैदानी तथा अमित रोहिदास ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत की एक और बड़ी जीत में उसके सात खिलाडियों ने गोल किए और इसमें उसने सात मैदानी गोल किए और पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत अब पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से 4 अक्टूबर को सेमीफाइनल में भिड़ेगी।

अपने अंतिम पूल मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक

■ **भारत की बांग्लादेश पर 12-0 से जीत में हरमनप्रीत व मनदीप की हैट्रिक**

अंदाज में आगाज किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के मैच के शुरू के पांच मिनट में मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे गोल से पहला क्वॉर्टर खत्म होने से पहले 2-0 की बढ़त ले ली थी। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मनदीप सिंह को और दूसरा जर्मनप्रीत को गलत ढंग से रोकने पर मिला। सुमित मध्यरेखा से गेंद को निकले और तेजी से बाएं से डी में पहुंचे अभिषेक की ओर सरकाई और उनसे मिली गेंद को मनदीप सिंह से तेज जमीनी फ्लिक से खूबसूरत मैदानी गोल कर मैच के 18 वें मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक के बाएं से जोरदार फर्राटे पर ललित उपाध्याय ने डी के भीतर गेंद संभाली तेज फ्लिक से मैच के 23 वें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल से स्कोर 4-0 और अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर लौटती गेंद को मनदीप सिंह ने दाएं डी में संभाल मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। अमित रोहिदास ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत को 6-0 से आगे कर दिया था।हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट पर में एक पेनल्टी कॉर्नर पर एक और बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 7-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने सुमित के लंबे बेहतरीन क्रॉस पर डी के भीतर गेंद संभाल चौथा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 8-0 से आगे कर दिया। मनदीप सिंह ने चौथा क्वॉर्टर शुरू होते ही अभिषेक से 'एरियल पास' पर मिली गेंद को डी में संभाल मैच का अपना तीसरा गोल अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत की बढ़त 9-0 कर दी। आक्रामक सेंटर हाफ नीलकांत शर्मा अकेले ही मिनट हॉकी की कलाकारी दिखा मैदानी गोल कर भारत को 10-0 से तथा खेल खत्म होने से चार मिनट पहले सुमित के तेज क्रॉस पर गुरजंट ने गोल कर भारत की बढ़त 11-0 कर दी। हार्दिक के बेहतरीन अभियान पर मिली गेंद को गुरजंट ने संभाला और इसे अभिषेक ने संभाल अगले ही मिनट डी के भीतर मौका ताड़ कर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 12-0 से आगे कर दिया। यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## टीम इंडिया देश के लिए स्वर्ण जीतने को बेताब : ऋतुराज




**हांगझोऊ**। एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है। गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जब वे मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ेंगे। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'क्रिकेट में, हमारे पास विश्व कप, आईपीएल और घरेलू टूर्नामेंट हैं।

हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं लेकिन यहां आकर हमें वास्तव में एथलीटों के बारे में पता चला।'मुश्किल से दो या चार साल में उन्हें देश के लिए खेलने और प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है। हम इस यात्रा से खुश हैं और हमें पता चला कि कैसे यह विशेष है। यह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए के बारे में बहुत कुछ खास दर्शाता है। एशियाई खेलों में, हर कोई देश के लिए स्वर्ण जीतने और पोडियम पर खड़े होने के लिए उत्सुक है।' चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के कार्यकाल में मिली सीख के बारे में बात करते हुए गायकवाड़ ने खुलासा किया, 'मुझे उनसे (धोनी) बहुत सी चीजें सीखने को मिली, लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है। उनकी शैली अलग है। व्यक्तित्व अलग है और मेरा व्यक्तित्व थोड़ा अलग है। मैं वैसा ही बनने की कोशिश करूंगा।'

**एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है:**
**ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान भारत**

## एशियन गेम्स में खेलना भारतीय क्रिकेटरों के लिए गर्व की बात: वीवीएस लक्ष्मण



हांगझोऊ। 19वें एशियाई खेलों में टी20 टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ने के लिए तैयार है। लक्ष्मण ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह बहुत अलग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम चीन में क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि एशियाई खेलों में भाग लेना इन सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत गर्व की बात है। इसलिए, वास्तव में इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं।'आयोजकों ने एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया है और मुझे उम्मीद है कि जब हम मैच खेलना शुरू करेंगे तो हमें समर्थन मिलेगा। जब महिला टीम यहां खेली तो उन्हें काफी समर्थन मिला, उन्हें अपनी क्षमता का एहसास हुआ और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता' टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जयसवाल, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी शामिल हैं। मैच चीन के हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित किए जाएंगे, जहां भारतीय महिला टीम ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में स्वर्ण पदक जीता था।

**मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है:**
**वीवीएस लक्ष्मण, कोच, भारतीय पुरुष टीम**

## स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ**। भारतीय पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले टीमों ने सोमवार को एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज महिला रिले में, कार्तिक जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी राज की भारतीय तिकड़ी ने 4:34.861 का समय लिया और चीनी ताइपे (4:19.447) और दक्षिण कोरिया (4:21.146) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। पांच टीमों के बीच हुए मुकाबले में ईरान और थाईलैंड ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के विक्रम राजेंद्र इंगले, सिद्धांत राहुल कांबले और आनंदकुमार वेलकुमार की तिकड़ी ने पुरुषों की रिले में 4:15.126 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय टीम ने 4:10.128 का समय लिया और तीसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (4:05.692) ने दक्षिण कोरिया (4:05.702) को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले, हांगझोऊ 2023 में महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आरती कस्तूरी राज पांचवें स्थान पर रही थीं, जबकि हीरल साधु बाहर हो गई थीं। पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आनंदकुमार वेलकुमार और सिद्धांत राहुल कांबले क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे थे।

वहीं, विक्रम राजेंद्र इंगले पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे। इसी स्पर्धा में आर्यनपाल सिंह घुमन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट में कार्तिक जगदीश्वरन पांचवें स्थान पर रहीं थी।

## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला



**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया। हॉकी हरियाणा ने सीमा (35%, 60%) और दीया (37%, 54%) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25%) और तनु रानी (56%) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए गोल स्कोरर रश्मी पटेल (6%, 41%), चौहान श्रद्धा (12%, 18%, 50%, 59%), लकी कुमार (13%, 35%, 43%), और रश्मी रायकवार (21%, 29%, 33%, 55%, 56%) रहे। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। सचिन (7%, 44%) ने हॉकी हरियाणा के लिए दो गोल किये जबकि अमित (54%) ने भी एक गोल किया। हॉकी पंजाब के लिए एकमात्र गोल सुखदेव सिंह (43%) ने किया। चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी उत्तराखंड को 12-4 से हराया। कप्तान सूरज कुमार साह (10%, 16%, 24%, 42%, 57%) ने उदाहरण पेश करते हुए हॉकी चंडीगढ़ के लिए पांच गोल किए।

## सुतीर्था-अहिका ने रचा इतिहास भारत ने टेबल टेनिस में जीता ब्रॉन्ज



**हांगझोऊ**। एशियन गेम्स में सुतीर्था-अहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नॉर्थ कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने 4-3 से हराया। इस हार के बाद भी जोड़ी ने नया इतिहास रचा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अहिका-सुतीर्था टेबल टेनिस में एक अनोखी जोड़ी हैं। चाहे मेंटली हो या फिजिकली दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। खासकर सुतीर्था, वो एक ओवरवेट जरूर हैं लेकिन इससे उनके खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वो अपनी स्थिति से खुश हैं और ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे हैं जब दुबला-पतला होना आम बात है। सोमवार को अहिका और सुतिर्था ने एक रोमांचक लड़ाई लड़ी। भारतीय जोड़ी एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पहला रजत पदक जीतने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पहला गेम हारने के बाद वापसी करने वाली उत्तर कोरियाई जोड़ी ने उन्हें रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। अहिका और सुतीर्था एक कड़े मुकाबले में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 से मैच हार गईं। एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने पर अहिका ने कहा, 'यह बेहद खास है। प्रतियोगिताएं बहुत कठिन हैं। हम एक ही अकादमी (कोलकाता में) से हैं और एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन जीत नहीं सके।' भारतीय, विश्व टेबल टेनिस में एक अद्वितीय जोड़ी है जो अपने रैकेट की सभी चार सतहों पर अलग-अलग रबर के साथ खेलती है।

## अजय जडेजा बने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर

■ **वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया**



**तिरुवनंतपुरम**। वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया है। जडेजा ने 13 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और कुल मिलाकर 196 मैच खेले। जिसमें तीन विश्व कप खेलने के अलावा, उनके नाम छह शतक और 30 अर्द्धशतक के साथ 37.47 की औसत के साथ 5359 रन हैं। अजय जडेजा इस प्रारूप में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी सबसे यादगार एकदिवसीय पारियों में से एक 1996 क्रिकेट विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में 25 गेंदों में 45 रन की पारी थी, जिसमें तेज गेंदबाज वकार यूनिस के खिलाफ अंतिम दो ओवरों में 40 रन बनाना भी शामिल था।

उन्होंने 1992 से 2000 तक भारत के लिए 15 टेस्ट भी खेले, जिसमें 26.18 की औसत से 576 रन बनाए। जिसमें उनके नाम चार अर्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर था। जडेजा, जिन्होंने 1988 में हरियाणा के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, 111 प्रथम श्रेणी और 291 लिस्ट ए मैच खेले। मैच फिक्सिंग के कारण पांच साल के प्रतिबंध के कारण उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में रुकावट आने के बाद, जडेजा ने अभिनेता के रूप में कुछ फिल्मों में काम किया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की अनुमति मांगने की उनकी याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था, लेकिन जडेजा दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए वापस आए और बाद में राजस्थान टीम के कप्तान-सह-कोच बन गए। फिर, जडेजा ने क्रिकेट कमेंट्री में कदम रखा और 2015-16 सीज़न में दिल्ली टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें हांगकांग पर जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर

**नई दिल्ली**। गोलरक्षक सविता की अगुआई में अब तक अजेय पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें अब मंगलवार को हांगकांग से हंगजू (चीन) में अपना अंतिम पूल मैच जीत कर एशियाई खेलों में पूल ए से सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी हैं। भारत ने पांच बार चैंपियन रह चुकी दक्षिण कोरिया से रविवार को अपना पिछला मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। अनुभवी लिंकवूमैन नवनीत कौर और संगीता कुमारी ने भारत के लिए अब तक तीन मैचों में चार चार गोल किए हैं। भारत और दक्षिण कोरिया के अब तक तीन तीन मैचों में दो दो जीत एक एक ड्रॉ के साथ सात-सात अंक हैं। भारत अपने मजबूत गोलअंतर के कारण अपने पूल में अभी शीर्ष पर है।

बेशक भारत की टीम हांगकांग के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन मॉडर्न हॉकी में कोई भी टीम बड़े मंच पर किसी भी टीम को

■ **भारत की कोशिश मैदानी गोल के ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने पर होगी**

हल्के लेने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने तीन मैचों में 20 गोल किए हैं और अब तक मात्र एक गोल दक्षिण कोरिया के खिलाफ ही खाया है जबकि हांगकांग को अभी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारत और हांगकांग की महिला हॉकी टीम अब तक अब तक मात्र एक बार 2013 में एशिया कप में भिड़ी हैं और तब भारत 13-0 से जीता था।

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ इसलिए एक एक से ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा था क्योंकि वह मिले पेनल्टी कॉर्नर का खासतौर खेल के आखिरी क्वॉर्टर में ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाया था। दक्षिण कोरिया के खिलाफ हालांकि भारत के लिए बराबरी का गोल ड्रैग



फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के फ्लिक पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद पर नवनीत कौर ने किया था। भारत की कोशिश हांगकांग के खिलाफ मंगलवार को मैदानी गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की होगी। भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन को सबसे बड़ी कमी पेनल्टी कॉर्नर पर माहिर ड्रैग फ्लिकर की खल रही है क्योंकि पूरी तरह फिट होने के कारण उसे अपनी तुरुप की ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर एशियाई खेलों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

**हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं: सविता**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हांगकांग के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इन एशियाई खेलों में हमारे लिए हर मैच अहम है और हमारा आगाज दमदार रहा है लेकिन हम क्षणिक भी ढील गवारा रनहीं कर सकते हैं। हांगांग एक जुझारू टीम है और हमारे सामने जो भी प्रतिद्वंद्वी होती है हम उसका सम्मान करते हैं। हमारा हांगकांग के खिलाफ मैच में फोकस अपने खेल, अपनी रणनीति और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहेगा। हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं।'

## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद : शादाब खान

**हैदराबाद**। पाकिस्तानी टीम के उप-कप्तान शादाब खान बीते कुछ समय से फॉर्म में नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि वो वर्ल्ड कप में वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब ने इस साल 11 वनडे मैचों में सिर्फ 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, पिछले महीने एशिया कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पांच मैचों में 40.83 की औसत से केवल छह विकेट लिए, जिसके कारण पाकिस्तान को टूर्नामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रिकबज ने शादाब के हवाले से कहा, 'क्रिकेट के दृष्टिकोण से एशिया कप अच्छा नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट की खूबसूरती है। आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने का अवसर हमेशा मिलता है। एशिया कप हारने के बाद, हमें अच्छा आराम मिला और मेरा मानना है कि यह अब एक कौशल का खेल नहीं बल्कि एक मानसिक खेल है। यह विश्व कप है, जब आप मानसिक रूप से तनावमुक्त होते हैं तो आप अच्छे निर्णय ले सकते हैं। 'मैं समझता हूं कि मेरा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे पास कौशल है। बस जब आप प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो आप मानसिक रूप से थोड़ा निराश होते हैं लेकिन कौशल के मामले में कोई समस्या नहीं है। मानसिक पहलू से चीजें बदल गई हैं। आराम मिलने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### वर्ल्ड कप से पहले राशिद खान ने शफीक स्टानिकजई पर साधा निशाना

**नई दिल्ली**। विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान ने 'अतीत के समझौतों' को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी शफीक स्टानिकजई पर हमला बोला है।

### सुडोकू 6335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

| SENSEX | BSE | 65828.41 ▲ 320.09 | 19638.30 ▲ 114.75 | MCX | Gold 57096 ▼ 32 | silver 69870 ▼ 730 |
|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत ]

## अगस्त में चाय का उत्पादन करीब चार प्रतिशत घटकर 17.79 करोड़ किलोग्राम पर

**कोलकाता** । देश में चाय का उत्पादन इस साल अगस्त में करीब चार प्रतिशत घटकर 17.79 करोड़ किलोग्राम पर आ गया है। अगस्त, 2022 में चाय का उत्पादन 18.54 करोड़ किलोग्राम से अधिक रहा था। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत, मुख्य रूप से असम और प. बंगाल में चाय का उत्पादन घटकर 15.80 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो अगस्त, 2022 में 17.09 करोड़ किलोग्राम से कुछ अधिक रहा था। असम में चाय का उत्पादन 10.98 करोड़ किलोग्राम से घटकर 9.97 करोड़ किलोग्राम पर आ गया। इसी तरह प. बंगाल में उत्पादन 5.61 करोड़ किलोग्राम से घटकर 5.36 करोड़ किलोग्राम पर आ गया।





## प्रधानमंत्री ने की 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड' के गठन की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कुछ महत्त्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन और राज्य में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय खोले जाने की घोषणा की। महबूबनगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि इनसे पूरे क्षेत्र में पर्यटन का विकास होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के लाभ के लिए एक राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड स्थापित करने का फैसला किया है। यह बोर्ड किसानों की मदद करेगा।' प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही तेलंगाना के मुलुगु जिले में 900 करोड़ रुपये की लागत से एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने की घोषणा की। इस विश्वविद्यालय का नाम समक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय रखा जाएगा।

# देश में गेहूं पैदावार का मिला नया लक्ष्य, अब 114 मिलियन टन की ओर बढ़े कदम

**नईदिल्ली।** पिछले साल का लक्ष्य 112 मिलियन टन हासिल करने के बाद अब केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए देश की गेहूं पैदावार का नया लक्ष्य (114 मिलियन टन) निर्धारित किया है।

देश के वैज्ञानिक एक बार फिर नए लक्ष्य के साथ गेहूं की पैदावार बढ़ाने में जुट गए हैं। पिछले साल का लक्ष्य 112 मिलियन टन हासिल करने के बाद अब केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए देश की गेहूं पैदावार का नया लक्ष्य (114 मिलियन टन) निर्धारित किया है। इसका खुलासा करते भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एवं सचिव डेयर डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि हमें नई तकनीक, नई किस्मों के बीज, किसानों तक पहुंचाकर और उन्हें जागरूक कर नए लक्ष्य को पाना है। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) में करनाल स्थित सभी अनुसंधान संस्थानों के निदेशकों, वैज्ञानिकों और देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों ने बीते रोज मंथन किया। इसमें आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत के किसानों, वैज्ञानिकों ने गेहूं की



पैदावार में बड़ा काम किया है। इस साल भी 16 नई किस्में रिलीज की गई हैं, जो जलवायु सहनशील हैं, लेकिन अभी नई किस्मों पर अनुसंधान लगातार चल रहा है। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने 112 मिलियन टन गेहूं के लक्ष्य को पाने पर आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक सहित सभी वैज्ञानिकों और देश के किसानों की सराहना करते हुए कहा कि अब भारत सरकार ने 114 मिलियन टन गेहूं की पैदावार का नया लक्ष्य दिया है। हमें इसे चुनौती के रूप में लेना है और इसे हासिल करने के लिए गंभीरता से काम करना है। इसके लिए अधिक पैदावार वाली नई किस्मों, उच्च गुणवत्तापूर्ण बीज, नई तकनीक को समाहित करते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचाना है, किसानों को जागरूक करना है।



## महंगे क्रूड का असर, हवाई ईंधन के बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) का दाम 209 रुपये बढ़ाया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में तेजी के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने यह कदम उठाया है। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम रखा गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) का दाम 5,779.84 रुपये प्रति किलोलीटर या 5.1 प्रतिशत बढ़ाकर 1,12,419.33 रुपये से 1,18,199.17 रुपये किया गया है। इससे पहले एक सितंबर को विमान ईंधन कीमतों में 14.1 प्रतिशत की सबसे बड़ी बढ़ोतरी की गई थी। उस समय एटीएफ का दाम 13,911.07 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ा था। इससे पहले एक अगस्त को विमान ईंधन के दाम 8.5 प्रतिशत या 7,728.38 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ाए गए थे। उल्लेखनीय है कि यह विमान ईंधन कीमत में लगातार चौथी बढ़ोतरी है। किसी एयरलाइन की परिचालन लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का बैठता है। एक जुलाई को एटीएफ के दाम 1.65 प्रतिशत या 1,476.79 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़े थे। चार बार में विमान ईंधन कीमतों में रिकॉर्ड 29,391.08 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी का दाम 209 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिया है। इस 19 किलोग्राम के सिलेंडर का इस्तेमाल होटल और रेस्तरांओं में होता है। राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी का दाम अब बढ़कर 1,731.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है।

## त्यौहारी सीजन का दिखने लगा असर, खूब हो रही गाड़ियों की बिक्री, सितंबर में बना रिकॉर्ड

**नयी,दिल्ली।** भारत में वाहन विनिर्माताओं ने मौजूदा त्यौहारी सीजन में मजबूत मांग को पूरा करने के लिए डीलरों को स्टॉक भेज दिया, जिससे यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन उद्योग में सितंबर में कुल 3,63,733 वाहनों की बिक्री हुई, जो किसी भी महीने में अभी तक का सर्वाधिक है। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल पर किकस्टार्टर डील्स लाइव - सबसे कम कीमत पर स्मार्ट टीवी प्राप्त करें

इससे पहले सर्वाधिक आंकड़ा अगस्त, 2023 में रहा था, जब 3,60,700 वाहनों की बिक्री हुई थी। मारुति सुजुकी, हुंदै और टोयोटा ने सितंबर, 2023 में अपनी अब तक की सबसे अच्छी मासिक थोक बिक्री दर्ज की जब उन्होंने मौजूदा त्योहारी सीजन के कारण मजबूत मांग को पूरा करने के लिए विक्रेताओं को आपूर्ति बढ़ा दी।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सितंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,81,343 इकाई रही, जो उसका एक महीने में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार



विनिर्माता कंपनी ने सितंबर, 2022 में 1,76,306 कारों की थोक बिक्री की थी।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 卐यह निश्चित रूप से भारतीय यात्री वाहन इतिहास में किसी भी वर्ष में सितंबर में अब तक का सबसे अधिक है। यह अब तक किसी भी महीने में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सितंबर में थोक बिक्री में वृद्धि हुई है क्योंकि विक्रेता 14 अक्टूबर से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन के लिए तैयार हैं।

## ग्राहकों को झटका! हीरो के चुनिंदा मॉडलों की कीमतों में बढ़ोत्तरी

*__नईदल्ली। हीरो__ कंपनी की बाइक ग्राहकों के बीच बहुत मशहूर हैं। हालांकि, अब त्योहारी सीजन से पहले हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने ग्राहकों को बड़ा झटका देने वाला बड़ा निर्णय लिया है। हीरो मोटोकॉर्प ने बाइक और स्कूटर की कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया है। अगर आप हीरो कंपनी की नई बाइक या स्कूटर खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो अब आपके पास इसे पुरानी कीमत पर खरीदने के लिए सिर्फ दो दिन और बचे हैं।*

इस बीच 3 अक्टूबर 2023 से हीरो मोटोकॉर्प के सभी मॉडल नहीं, बल्कि चुनिंदा मॉडल ही महंगे होंगे। 3 अक्टूबर 2023 से हीरो मोटोकॉर्प के चुनिंदा वेरिएंट्स की कीमतें 1 फीसदी बढ़ जाएंगी. हालांकि, कीमत कितनी बढ़ेगी, इसकी सटीक जानकारी कंपनी ने अभी नहीं दी है। साथ ही किन मॉडलों की कीमत में बढ़ोतरी होगी इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिली है।



### हीरो करिज्मा एक्सएमआर 210 की नई कीमत

कुछ दिन पहले हीरो मोटोकॉर्प ने उपभोक्ताओं के लिए हीरो करिज्मा एक्सएमआर 210 को 1,72,900 रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत पर लॉन्च किया था, मगर अब बाइक की कीमत 7 हजार रुपए बढ़ गई है। अब इस मोटरसाइकिल को खरीदने के लिए आपको 1 लाख 80 हजार रुपए (एक्स-शोरूम) खर्च करने होंगे।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-59400 चांदी टंच-71100
चांदी रिफाइन -72500

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन
भाव-59400 चांदी टंच-71100
चांदी रिफाइन -72500


# आरबीआई एमपीसी की बैठक चार अक्टूबर से, रेपो रेट स्थिर रहेगा या होगा इजाफा

*__नईदिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक इस हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है। अगर ऐसा होता है तो खुदरा और कॉरपोरेट कर्जदारों के लिए ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच रिजर्व बैंक ने मई 2002 में नीतिगत दर बढ़ाना शुरू किया था। इस साल फरवरी में इसे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। पिछली तीन बैठकों में रेपो रेट को स्थिर रखा गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार से शुरू होकर छह अक्टूबर तक चलेगी। बैठक के नतीजों का एलान छह अक्टूबर को किया जाएगा।*

### क्या होगा इस बार एमपीसी की बैठक में

जानकारों का मानना है कि इस बार की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मौजूदा दर संरचना के साथ रेपो रेट को बरकरार रखा जा सकता है। खुदरा मुद्रा स्फीति फिलहाल 6.8 *प्रतिशत* के उच्च स्तर पर है और सितंबर और अक्तूबर महीनों के आंकड़ों में कमी आने की संभावना है। हालांकि खरीफ उत्पादन के बारे में अभी चीजें स्पष्ट नहीं है। यदि इसमें उतार-चढाव होता है तो कीमतों में इजाफा हो भी सकता है।



### खरीफ उत्पादन पर रहेगी बाजार की नजर

जानकारों ने कहा, पिछली दो तिमाही में महंगाई में वृद्धि हुई है। ऐसा खासकर फूड इन्फ्लेशन बढ़ने से हुआ है। फूड इन्फ्लेशन एमपीसी के पहले नियंत्रण दिख रहा है ऐसे आरबीआई रेपो रेट को स्थिर बनाए रख सकता है। इसके अलावे खरीफ आउटपुट पर भी नजर बनी रहेगी। एक ओर जहां अमेरिका में ब्याज दरों में जल्दी-जल्दी इजाफा किया गया। वहां ब्याज दरें पांच प्रतिशत तक बढ़ गईं। दूसरी ओर भारत में महज 250 बेसिस प्वाइंट तक का ही इजाफा हुआ। रेवांकर के अनुसार खरीफ उत्पादन पर बाजार की नजर बनी हुई है। अगर खरीफ उत्पादन पिछले साल की तरह रहता है तो घबराने की कोई बात नहीं है। पिछले पांच सालों में खरीफ उत्पादन में वृद्धि देखी गई है।

### आरबीआई से बैंकों और एनबीएफसी को मिल रहा बहुमूल्य सपोर्ट

जानकारों के अनुसार देश के केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई ने अपना काम बहुत बेहतर ढंग से किया है। इससे बैंकों और एनबीएफसी को काफी मदद मिली है। आरबीआई हमेशा एक सपोर्टिंग रेगुलेटर की भूमिका निभाता रहा है। एनबीएफसी क्राइसिस और कोविड के दौर में आरबीआई ने बैंकों और एनबीएफसी की काफी मदद की है। 15 बड़े एनबीएफसी है जिनकी मदद आरबीआई बैंकों की तरह ही कर रहा है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इससे ऋणदाताओं का विश्वास बढ़ा है। रेवांकर के अनुसार भारत में अमेरिका की तुलना में कम बैंक हैं और आरबीआई की ओर से बहुत बेहतर तरीके से सुपरवाइज्ड हैं।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.04 |
| एक यूरो | 87.37 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 100.85 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.02 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# डीजल की बिक्री सितंबर में 3 प्रतिशत घटी, पेट्रोल की मांग 5.4 प्रतिशत बढ़ी

*__नईदिल्ली।__ कमजोर मांग और देश के कुछ हिस्सों में औद्योगिक गतिविधियां सुस्त पड़ने से डीजल की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सितंबर में सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों.. पेट्रोलियम कंपनियों की डीजल बिक्री घटी है। हालांकि, पेट्रोल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।*

### डीजल की बिक्री सितंबर में घटकर 58.1 लाख टन रह गई

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री सितंबर में घटकर 58.1 लाख टन रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 59.9 लाख टन थी। सितंबर के पहले पखवाड़े में डीजल की मांग में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि बारिश कम होने से दूसरे पखवाड़े में डीजल की मांग बढ़ी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री ढाई प्रतिशत अधिक रही है। अगस्त में डीजल की बिक्री 56.7 लाख टन रही थी। आमतौर पर मॉनसून के दौरान डीजल की बिक्री घट जाती है, क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र की मांग कम रहती है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई, कटाई और परिवहन के लिए ईंधन के रूप में डीजल का इस्तेमाल होता है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी, क्योंकि उस समय कृषि क्षेत्र की मांग अच्छी रही थी। इसके अलावा गर्मियों की वजह से कारों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ा था।



### पेट्रोल की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत बढ़ी

आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में पेट्रोल की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख टन हो गई। अगस्त में पेट्रोल की मांग में वृद्धि लगभग स्थिर रही है। सितंबर में मासिक आधार पर पेट्रोल की मांग 5.6 प्रतिशत बढ़ी है। उद्योग सूत्रों का कहना है कि स्थिर और स्वस्थ आर्थिक गतिविधियों और हवाई यात्रा में सुधार के साथ साल के शेष महीनों में देश में तेल की मांग ऊंची बनी रहेगी। सितंबर में पेट्रोल की खपत कोविड-प्रभावित सितंबर, 2021 की तुलना में 19.3 प्रतिशत अधिक रही और महामारी-पूर्व की अवधि यानी सितंबर, 2019 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक रही। डीजल की खपत सितंबर, 2021 की तुलना में 19 प्रतिशत और सितंबर, 2019 की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक रही।

### विमान ईंधन एटीएफ की मांग सितंबर में 7.5 प्रतिशत बढ़ी

हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ने के बीच विमान ईंधन एटीएफ की मांग सितंबर में 7.5 प्रतिशत बढ़कर 5,96,500 टन पर पहुंच गई। सितंबर, 2021 की तुलना में यह 55.2 प्रतिशत अधिक रही। वहीं कोविड-पूर्व यानी सितंबर, 2019 की तुलना में यह 3.55 प्रतिशत कम रही। मासिक आधार पर जेट ईंधन की मांग सितंबर में स्थिर रही। अगस्त, 2023 में विमान ईंधन की मांग 5,99,100 टन रही थी रसोई की बिक्री 6 फीसदी बढ़ी

रसोई गैस यानी एलपीजी की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 26.7 लाख टन पर पहुंच गई। सितंबर, 2021 की तुलना में एलपीजी की खपत 11.4 प्रतिशत और कोविड-पूर्व की अवधि यानी सितंबर, 2019 की तुलना में 23.3 प्रतिशत अधिक रही। मासिक आधार पर एलपीजी की मांग 7.3 प्रतिशत बढ़ी। अगस्त में एलपीजी की मांग 24.9 लाख टन रही थी।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# प्रदेश में हर 10 तारीख का अब होगा ऐतिहासिक महत्व



लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए महिलाओं को दिये जाते हैं। यह महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा आर्थिक स्वावलम्बन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

लाड़ली बहना योजना के तहत मिल रही 1 हजार रुपए की राशि भविष्य में बढ़ाकर 3000 रुपए तक कर दी जाएगी।

राशि बढ़ने का क्रम कुछ इस तरह होगा कि एक हजार रुपए की राशि पहले बढ़ाकर 1250 रुपए फिर क्रमश: 1500 रुपए, 1750 रुपए, 2000 रुपए, 2250 रुपए 2500 रुपए, 2750 रुपए और फिर 3000 रुपए प्रतिमाह तक की जाएगी। लाड़ली बहना योजना में अब पात्र महिलाओं की न्यूनतम आयु 23 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष की गई है। साथ ही ट्रेक्टर रखने वाले तुलनात्मक रूप से समृद्ध परिवारों की महिलाओं को भी योजना में शामिल किया गया है।

## 21 वर्ष उम्र तक की विवाहित और ट्रेक्टर वाले परिवारों की महिलाएँ भी शामिल

## 1 करोड़ 25 लाख बहनों को मिला योजना का लाभ

हाल ही में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों के खाते में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की तीसरी किस्त की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की है।

इस योजना से न केवल महिलाओं एवं उन पर आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार होगा बल्कि महिलाएं अपनी प्राथमिकता के अनुसार व्यय करने हेतु आर्थिक रूप से पहले की अपेक्षा अधिक स्वतंत्र होगीं। महिलाएं प्राप्त आर्थिक सहायता से न केवल स्थानीय उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वरोजगार, आज संसाधनों को विकसित करेंगी वरन् परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में भी प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी।





मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय राशि अंतरण समारोह में प्रतीक स्वरूप लाड़ली बहना का सम्मान किया।




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को जबलपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लाड़ली बहनों ने बड़ी राखी भेंट की।

# चौथी किश्त मिलने पर बहनों ने जताया शिवराज भैया का आभार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ग्वालियर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 31 लाख लाभार्थी महिलाओं के खाते में 1 हजार 269 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इनमें जबलपुर जिले की 3 लाख 92 हजार 244 बहनें भी शामिल थीं।

लाड़ली बहनों के खाते में योजना की चौथी किश्त अंतरित करने के ग्वालियर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन का सीधा प्रसारण जिले की ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं नगर निगम जबलपुर में अनेक स्थानों पर दिखाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी बहनें मौजूद रहीं।

सामुदायिक भवन गढ़ा में आयोजित सीधे प्रसारण के कार्यक्रम में शामिल हुई बड़ा पत्थर निवासी श्रीमती संगीता विश्वकर्मा ने बताया कि भैया शिवराज से प्रतिमाह मिलने वाली 1 हजार रुपए की राशि का उपयोग बच्चों की किताबें और जरूरत की सामग्री खरीदने के लिए करती हैं। इसके अलावा संगीता भविष्य के लिए कुछ रुपयों की बचत भी कर रही है। जिससे वह तीज त्यौहारों पर बच्चों के लिए कपड़े और खिलौने खरीदेंगी। संगीता ने लाड़ले भैया शिवराज को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए हृदय से धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सुनने शास्त्री नगर से आई शैल कुमारी विश्वकर्मा ने भैया शिवराज सिंह चौहान को लाड़ली बहना योजना की राशि अक्टूबर माह से एक हजार रुपए से बढ़ाकर बारह सौ पचास रुपए करने के लिए आभार व्यक्त किया। राधाकृष्णन वार्ड में पार्षद निवास पर ग्वालियर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन का सीधा प्रसारण देख रही श्रीमती कुसुमलता बेन ने योजना की चौथी किश्त खाते में जमा करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। श्रीमती बेन ने बहनों को सशक्त बनाने की इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। उन्होंने श्री चौहान की दीर्घायु होने की कामना करते हुये कहा कि शिवराज भैया तुमको हमारी भी उमर लग जाये। कुसुमलता ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की राशि वो हर माह बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर और उनकी जरूरतों पर खर्च करती है। बच्चे भी अब हर माह की दस तारीख का इंतजार करने लगे हैं अपनी फरमाइशें देने लगे हैं।



राधाकृष्णन वार्ड की ही श्रीमती ममता जाटव ने भी चौथी किश्त खाते में जमा करने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद दिया। ममता ने कहा कि भैया शिवराज द्वारा अभी तक दी गई राशि से अपने बच्चों के लिये कपड़े खरीदे हैं। ममता ने मुख्यमंत्री द्वारा अक्टूबर माह से योजना की राशि बढ़ाकर 1250 रूपये देने और आगे इसे तीन हजार रूपये तक करने की घोषणा का स्वागत करते हुये कहा कि शिवराज भैया ने जो भी कहा है उसे करके भी दिखाया है। राधाकृष्णन वार्ड की श्रीमती ज्योति चक्रवर्ती ने भी लगातार चौथे माह खाते में एक हजार रूपये अंतरित करने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार जताया। श्रीमती चक्रवर्ती ने कहा कि वे हमेशा शिवराज भैया का साथ देंगी। उन्होंने शिवराज भैया को आशीर्वाद देते हुये कहा कि सभी बहनें उन्हें फिर मुख्यमंत्री बनते देखना चाहेंगी।



## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से मिली राशि से खरीदे बच्चों के स्कूल बैग एवं कापियां

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना गरीब परिवारों की महिलाओं का आर्थिक संबल बन गई है। महिलायें अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ योजना अंतर्गत मिली राशि को बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रही हैं। दस जून को मिली लाडली बहना योजना की राशि से जबलपुर के सिंधी कैम्प निवासी श्रीमती नीतू पाण्डेय ने अपने बच्चों के लिये स्कूल बैग एवं कापियां खरीदीं। उन्होंने बताया कि हर महीने मिलने वाली राशि वह पूरी तरह से बच्चों की शिक्षा पर ही खर्च करेंगी। श्रीमती पाण्डेय ने बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की इस योजना को शुरू करने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का दिल से आभार व्यक्त किया।

## पूनम ने लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से एक हजार रूपये पाकर प्रदेश की बहनों में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि से बहनों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इस राशि से बहनें, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, गृहस्थी का सामान, साड़ियां और बच्चों के लिए खेल सामग्री खरीद रही हैं। प्रदेश में बहनों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बरदान बनी है। जबलपुर शहर की बिलहरी निवासी पूनम शर्मा से जब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना प्रारंभ कर बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। इससे प्रदेश की बहनों की स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि से बहनें गृहस्थी का सामान खरीदेंगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि पाकर बहनें बहुत प्रसन्न हो रही है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किश्त आने से खुश हैं सरिता

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सरिता विश्वकर्मा के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से जहां वह अति प्रसन्न हैं तो वहीं अब उनके जीवन से आर्थिक तंगी के बादल भी छंटते नजर आ रहे हैं और उनका जीवन खुशहाल हो रहा है। इस योजना को शुरू करने पर बहन सरिता ने अपने शिवराज भैया का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत दस जुलाई को एक हजार रुपये की किश्त खाते में जमा होने पर बढई मोहल्ला भानतलैया निवासी सरिता विश्वकर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है ।

सरिता कहती है कि भैया शिवराज ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लाकर गरीब परिवारों की महिलाओं में उम्मीद जगाई है। बच्चे भी मामा शिवराज द्वारा इस योजना को लाने से इसलिये खुश हैं कि इससे माँ को मिली राशि उन्हीं की पढ़ाई-लिखाई और खान-पान पर खर्च होगी। सरिता ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बहनों को सशक्त बनाने आगे भी मददगार बनेंगे और वो भी भैया शिवराज का हमेशा साथ देंगी।

## लाड़ली बहना योजना की किश्त से बच्चों की फीस और घर की जरूरतों को पूरा करेंगी शशि



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। महिलाएं इस योजना का लाभ पाकर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहीं हैं तो वहीं एक हजार रुपये की किश्त उनके खाते में आने से उनकी खुशियां भी दोगुनी हो गई हैं। लाड़ली बहन शशि इससे बच्चोंी की फीस और घर की जरूरतों को पूरा करेंगी। किश्त खाते में आने से वह मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान की बहुत शुक्रगुजार हैं।

जबलपुर विकासखण्ड के ग्राम बारहा निवासी श्रीमती शशि मरावी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत उनके खाते में एक हजार रुपए की किश्त आ गई हैं और इससे वह बहुत खुश हैं। इससे वह बच्चों की स्कूल एवं कोचिंग फीस तथा घर की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करेंगी। हर महीने खाते में एक हजार रूपए डालने पर वह अपने भैया मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान की बहुत-बहुत शुक्रगुजार हैं।



## लखपति दीदी और लाड़ली बहना बनाने पर प्रियंका ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का दिल से आभार व्याक्त किया

स्व-सहायता समूह की लखपति दीदी बनने एवं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की दूसरी किश्त खाते में आने से प्रियंका बहुत खुश हैं। उन्होंने इस दोहरी खुशी के चलते अपने शिवराज भैया का दिल से आभार व्यक्त किया है। जबलपुर विकासखण्ड के ग्राम बारहा की श्रीमती प्रियंका पटेल बताती हैं कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत उनके खाते में एक हजार रूपए की दूसरी किश्ते खाते में आ गई। इससे वह बहुत खुश हैं तथा प्राप्त्ग राशि से वह बच्चों की कापी-किताबें एवं अन्य जरूरतों का सामान खरीदेंगी। श्रीमती पटेल बताती हैं कि वह आजीविका मिशन के तहत सहेली स्व -सहायता समूह की सचिव, सारथी ग्राम संगठन में कोषाध्यक्ष तथा महाराष्ट्र बैंक तिलहरी में बैंक सखी भी हैं। आजीविका मिशन के तहत ही वह लखपति दीदी भी बन पाई हैं। इसके चलते उन्हों ने अपने भैया मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को दिल से धन्यवाद दिया है।

D-16309/23